धनबाद
मंगलवार 18.02.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-30 अंक-355 पृष्ठ- 8
फाल्गुन कृष्ण पक्ष-6
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑब्जर्वर




# नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

## 289 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर | गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

## छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण



तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

**दिनांक : 18 फरवरी 2025 | स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

PR 346635 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# नौ लाख ठगी मामले में फौजी ने लगाईं न्याय की गुहार



**धनबाद (कासं) :** देश की रक्षा में तैनात रहे सेवानिवृत वायु सेना का एक फौजी से नौ लाख की ठगी किया गया है। फौजी एग्यारकुण्ड पानी टंकी निवासी कुणाल पालित ने पुलिस पर अनुसंधान में लापरवाही का आरोप लगाया है।

इस संबंध में पालित ने झारखण्ड डीजीपी, डीसी, एसएसपी, एंटी करप्शन ब्यूरो सहित अन्य को पत्र लिख आईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि आरोपियों से घूस लेकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्य आरोपी भोला राम सहित तीन ने आईओ की लापरवाही का लाभ लेकर कोर्ट से जमानत भी ले ली है। मामले में अन्य दो आरोपी राहुल कुमार गिरी व तपन मण्डल को जमानत नहीं मिली है। पुलिस की नजर में दोनों फरार हैं। जबकि दोनों छुट्टा घूम रहे हैं।

दोनों को पकड़ने में पुलिस कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। यहां तक कि मामला दर्ज हुए छह माह बीत गये हैं। लेकिन आईओ द्वारा वारंट के लिये कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दाखिल नहीं किया गया है।

श्री पालित ने कहा कि पिछले ११ फरवरी को धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन से भी मिले एवं न्याय की गुहार लगायी। अगले दिन निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला से मिले। दो तीन बार गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास से भी मिले। फरार आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

साथ ही जमानत पर बाहर घूम रहे मुख्य आरोपी सहित तीनों की जमानत रद्द कराने की फरियाद की गयी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

ालबता दें कि अगस्त माह में रिटायर्ड फौजी पालित ने गलफरबाड़ी ओपी में एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसमें मुग़मा के भालुकसूंदा निवासी भोला राम, नीरज सिंह, गूकू, राहुल गिरी व तपन मंडल पर नौ लाख ठगी का आरोप लगा है। रिफैक्ट्री व्यवसाय के नाम पर चार लाख नकद और पांच लाख आनलाइन भुगतान करने की बात कही गयी है।

# अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

**कालीमेला (ससे) :** मां भागवती मंदिर दो नंबर बालू डोली स्थित मंदिर में सालाना २४ घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया। इस अनुष्ठान में महिला कीर्तन मण्डली केन्दुआ करकेन्द अयोध्या नगरी जामाडोबा और समिति की मंडलियों की सराहनीय योगदान रहा। सोमवार को अखंड हरिकीर्तन समापन होने के बाद खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया।

भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन करने में गंगा सागर पांडे, महाराणा सिंह, अशोक सिंह विक्रम चौहान, नीलेश शर्मा, छोटू पंडित, पप्पू पंडित, श्रीकांत शर्मा, एल पी पांडे आदि की अहम भूमिका रही।

# एफसीआईएल प्रवंधन से वार्ता करेगा सांसद ढुलू



**सिंदरी (ससे):** सोमवार को सांसद ढुलू महतो एफसीआईएल प्रवंधन से वार्ता करने सिंदरी पंहुचे उसके बाद उन्होंने पब्लिक मीटिंग किया। एफसीआईएल को उन्होंने स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि आवास खाली करने का नोटिस देना बंद करो और पहले इसका विस्थापन नीति बनाया जाए।

एमओयू एफसीआईएल और सेल के टासरा प्रोजेक्ट का हुआ है रैयत के लिए उसने प्रोविजन है पर गैर रैयत के लिए नहीं है जो वहां ५० सालों से रह रहे हैं उनके बारे में कुछ नहीं है इसलिए उनको हटाकर वहां पर ओवी डंप बनाना अमानवीय काम है।

नोटिस देने इससे लॉ एंड ऑर्डर की समस्याएं उत्पन्न होगी उन्होंने डीसी महोदया को भी फोन लगाया था लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई लेकिन मंगलवार को डीसी के पास में रिप्रेजेंटेशन देंगे साथ ही उन्होंने दिल्ली में बात करके १० मार्च के आसपास मंत्री उर्वरक और रसायन मंत्री केंद्र सरकार समय मांगा है और फिर सिंदरी की समस्याओं को वहां पर रखेंगे और उसका निदान दिल्ली से कराया जाएगा तब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो ये एफसीआईएल प्रवंधन को सांसद ने चेतावनी दिया है।साथ ही एफसीआईएल के ओएसडी शेखावत से भी दूरभाष पर बात की और कहा आप लोग सरकार को सिंदरी की वास्तविक स्थिति नहीं बताते हैं जिसके कारण यह प्रॉब्लम बार-बार होता है। आवास लीज रेंट नीति माननीय लालकृष्ण आडवाणी जो उसे समय उप प्रधानमंत्री थे के निर्देश पर बनी थी उसी को सबके लिए लागू किया जाए और इसकी अवधि को ११ महीने से बढ़कर ३३ साल किया जाए और इसे दो बार रिनिवल का प्रावधान हो।

# लाभुकों के बीच दुधारू मवेशी वितरित



**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को जिला गव्य विकास कार्यालय, धनबाद में सेमिनार-समारोह सह कार्यशाला, दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लोकहित में सघन रूप से प्रचार-प्रसार एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से चयनित लाभुकों-दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (दो गाय, पाँच गाय एवं दस गाय) के लाभुकों को जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा दुधारू मवेशी का वितरण किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं स्वरोजगार तथा पलायन को रोकने के उद्देश्य से सेमिनार-समारोह-कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पशुपालकों के बीच व्याख्यान एवं अपने विचार प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत मूल्यों को कम करने के विषय वस्तु पर एक्पर्ट द्वारा पशुपालकों को जानकारी प्रदान की गई है। दुधारू पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी एवं बीमारी से बचाव तथा पशुओं के समुचित इलाज के बारे में पशु चिकित्सक के द्वारा जानकारी दी गयी।

इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रखण्डों से आये हुए पशुपालक अपने विचार भी प्रकट किये। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, मुखिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, इन्चार्ज मिल्क फेडरेशन, सभी प्रखण्डों के पशुपालन पदाधिकारी अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्व. एसपी राय को दी गई श्रद्धांजलि



**जोड़ापोखर (ससे) :** सोमवार को विद्या विहार गर्ल्स हाई स्कूल सुदामडीह में विद्यालय के संस्थापक माइनिंग इंजीनियर स्व एसपी राय पूर्व मंत्री बिहार सरकार, मजदूर नेता एवं समाज सेवक की १६वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजली दे कर मनायी गयी। स्व राय के बड़े पुत्र संदीप कुमार राय सचिव एसपीराय एजुकेशनल एन्ड सोशल डेभलपमेंट सोसाइटी ने श्रद्धा सुमन आर्पित करते हुए इस अवसर पर स्व राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व राय धनबाद से दो बार विधायक एवं सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे तथा एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

स्व राय द्वारा समाज के हित में किए गए कई कार्यो का उल्लेख करते हुए इस विद्यालय की स्थापना के बारे में विस्तार से बताया कि गरीब और कमजोर तबके से आने वाले बच्चों को शिक्षित करने का पुनीत कार्य विद्यालय द्वारा किया जा रहा है जो स्व राय का सपना था। उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज की भलाई करने और सेवा करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शुभ्रा राय ने श्रद्धांजली देते हुए कहा कि स्व राय ने इस स्कूल की स्थापना किया ताकि समाज का कोई भी तबका अशिक्षित न रह जाए। इस इस अवसर पर अटलान्टा, निरुपमा कुमारी, पी गुहा, बबलू ठाकुर, कार्तिक रजवार, कार्तिक महथा, मनीष कुमार, बेबी राय, आशा देवी, पूजा कुमारी, पिंकी कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं, अभिभावक, तथा अतिथिगण ने पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सिंदरी को उजाड़ने के खिलाफ मसाल जुलूस



**सिंदरी (ससे) :** केंद्र सरकार एवं एफसीआई प्रबंधक द्वारा सिंदरी शहर को उजाड़ने के नीति के खिलाफ एवं आगामी १८ फरवरी को एफ़सीआई के मुख्य द्वार पर आयोजित महाधरना ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से सोमवार को शहरपुरा में एक विशाल मसाल जुलूस निकाला गया।

मसाल जुलूस नेहरू मैदान से शुरू होकर बाजार का भ्रमण कर भुज चौक पर समाप्त हुआ। जुलूस में एफसीआई प्रबंधन मुर्दाबाद, केंद्र सरकार मुर्दाबाद, पीपी कोर्ट नोटिस बांटना बंद करो, सिंदरी उजाड़ने की साजिश बंद करो, महाधरना सफल करो, जो क्वार्टर सरकारी है वह क्वार्टर हमारी है, सिंदरी क्यों उजाड़ रहा भाजपा सरकार जवाब दो सिंदरी की जनता एक हो के नारे लगाए जा रहे थे। मसाल जुलूस में सैकड़ो की संख्या में सिंदरी शहर एवं आसपास के गांव के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, अजय कुमार विकास कुमार ठाकुर राममंडल गौतम प्रसाद सूर्यकुमार सिंह अशोक महतो, परशुराम सिंह, सुरेश राउत, राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, पूर्णेन्दु सिंह, मनोज घोष, कृष्ण प्रसाद महतो, दशरथ ठाकुर, दिलीप मिश्रा, शिबु राय, सत्येंद्र सिंह., संजीत यादव, ओजिंदर यादव, लव कुश यादव, राम लायक राम, राजू पांडे, संजय राय, परशुराम सिंह ,मोहम्मद कामरान, मकसूद ,छोटे ठाकुर, दीपेंद्र झा, अशोक, अशोक महतो, शैलेश पंडित, सुनील सिंह, राहुल कुमार, मंटी कुमार, अश्विनी मंडल ,ललन ठाकुर, नकुल वर्मा, मदन प्रसाद ,मोहम्मद राही, सत्यदेव सिंह, संतोष सिंह , सिद्धार्थ ,सुरेंद्र पांडे,अमर सिंह, बरींची माहतो, सागर मंडल, मदन प्रसाद,लगान हेंब्रम, रिक्की, अजय दास, बबलू माहतो,धुरूव दास,मधु दास, मंगल महतो,राजाराम रजक, नयन दत्ता, शुभम सिह, अर्जुन ठाकुर, गंगाधर कर्मकार, संतोस कुमार माहतो, राजू बावरी, शुभो प्रसाद दास, लखन राम शामिल थे!

# 45 घंटे बाद उठा बीसीसीएलकर्मी का शव



**कतरास (ससे) :** बीसीसीएल के सिजुआ एरिया ५ अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में कार्यरत देव शंकर भुइयां का शव ४५ घंटे के बाद अंततः उठाया गया।

देव शंकर भुइयां का शव १५ फरवरी को झाड़ियों में पड़ा हुआ था, जिसके बाद परिजन १५ फरवरी को पीएसटी २ खदान पर शव रखकर नियोजन की मांग कर रहे थे।

१६ फरवरी को कोलियरी प्रबंधक और अंचल अधिकारी बाघमारा के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन नहीं माने।

१७ फरवरी को देव शंकर भुइयां के शव से दुर्गंध आनी शुरू हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर सिजूआ एरिया पहुंच गए। महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की और तीन माह में कागजी कार्रवाई पूरी कर के नियोजन देने पर सहमति बनी। साथ ही मृतक के आश्रितों को कंपनी के नियमों के अनुसार सारी सुविधाएं देने पर भी सहमति बनी।

इसके बाद ४५ घंटे के इंतजार के बाद देव शंकर भुइयां का शव उठाया गया। महाप्रबंधक श्री सुधाकर ने बताया कि देव शंकर भुइयां के मृत्यु प्रमाण पत्र में देरी होने के कारण परिजन मुद्दे से भटक गए थे, जिसके चलते समझौते में देरी हुई।

# सांसद ढुलू ने जाना घायलों का हाल चाल



बलियापुर (ससे) : धनबाद सांसद ढुलू महतो सोमवार को बलियापुर के बीमार चल रहे भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मानिक दास एवं भाजपा कार्यकर्ता विजय सहाना से आवास पहुंचकर मिले एवं हर्ष संभव सहयोग करने का भरोसा दिया।

विजय सहाना का धनबाद में सड़क दुर्घटना में घायल होने से दुर्गापुर में पांव कटना पड़ा था। विजय सहना भाजपा नेता आशीष मुखर्जी का जीजाजी हैं ।मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर सुनील चौधरी नीता रवानी आशीष मुखर्जी कल्पना मुखर्जी विश्वजीत मुखर्जी खगेन पांडे कुलदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# इनर व्हील क्लब ने बच्चों के साथ बांटी खुशियां



**धनबाद (कासं) :** कुसुम विहार फेस २ स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के परिसर में इनरव्हील क्लब ऑफ़ माइलस्टोन की प्रेसिडेंट रश्मि सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल और एडिटर गीता चौबे ने बच्चों को खुश करने के लिए स्टेशनरीज और चॉकलेट्स बांटकर छात्रों के बीच हैप्पी डे मनाकर खुशियां बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बच्चों के साथ क्लब की पदाधिकारियों, स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारियों और स्कूल की शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से बच्चों के लिए रोचक कार्यक्रम आयोजित किए।

स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों ने बहुत कुछ उत्साह एवं खुशीपूर्वक हैप्पी डे मनाकर खूब मस्ती की। सभी जूनियर छात्रों के बीच अद्भुत उत्साह व ऊर्जा दिखा और चेहरों में मासूम खुशियां झलकी। स्कूल की निदेशक रेणु कौशल ने कहा कि हम जूनियर छात्रों के बीच शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ खुशियां और स्वच्छ आदतें डालने में विश्वास करते हैं। विद्यार्थीयों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपर्णा पब्लिक स्कूल प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर्णा स्कूल के प्रिंसिपल अनुपम नायक, शिक्षिका अनुप्रिया, कीया और दीप्ति का प्रशंसनीय योगदान था।

इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की सभी पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इसी तरह के नए और रोचक कार्यक्रम आयोजित कर नन्हे बच्चों को खुश किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल ने इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा झारखंड अग्निशमन विभाग

**धनबाद (कासं) :** झारखंड अग्निशमन विभाग अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा। केंद्र से अग्निशमन विभाग को १४७ करोड़ रुपए स्वीकृति हुए हैं। बहुत जल्द होमगार्ड जवानों की बहाली भी होगी. डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा ने इसके संकेत दिए हैं. डीजी होमगार्ड ने कहा कि जवानों की बहाली के लिए फॉर्म भी लिए जा रहे हैं।

डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा ने धनबाद सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बहुत जल्द होमगार्ड जवानों की बहाली को लेकर तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से यह १५वें वित्त आयोग के राशि मिली है. इसे ३१ मार्च २०२६ के पहले खर्च किया जाना है. अनिल पाल्टा ने कहा कि मिली राशि से ११ नए फायर स्टेशन, एक राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर और एक राज्य स्तरीय फायर फाइटिंग कंट्रोल रू बनेगा. इसके अलावा फायर ब्रिगेड, छोटे फायर टेंडर और मोटरसाइकिल फायर टेंडर भी खरीदे जाएंगे. साथ ही नए हाईड्रोलिक प्लेटफार्म भी खरीदे जाएंगे.



डीजी होमगार्ड ने बताया कि होम मिनिस्ट्री ने इसे अप्रूव कर दिया है. जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी. उन्होंने बताया कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि शहर की तंग गलियों में आग लगने पर तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके. नए फायर स्टेशन बनने से विभाग को अपने भवन में संचालित किया जा सकेगा. विभाग में कर्मियों के प्रमोशन के बाद अग्निचालकों की कमी का सही आकलन किया जा सकेगा।

धनबाद अग्निशमन विभाग के पास संसाधनों की कमी है। डीजी से मिले इन संकेतों के बाद धनबाद अग्निशमन विभाग भी अब संसाधनों के मामले में अपग्रेड हो सकेगा. हाल ही में धनबाद अग्निशमन विभाग को फोम टेंडर मिले थे. ये फायर टेंडर गैस, शॉर्ट सर्किट, तेल आदि में आग लगने पर उसे बुझाने में तेजी से असर दिखाने में सक्षम हैं.

जबकि धनबाद में हाईड्रोलिक प्लेटफार्म नहीं होने से विभाग को ऊंची इमारतों में आग लगने पर आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. हाईड्रोलिक प्लेटफार्म एवं अन्य फायर टेंडर मिलने से विभाग का काम आसान होगा. गर्मी शुरू होने से पूर्व इस प्रक्रिया के पूरी होने की उम्मीद है।

# लोयाबाद साइडिंग में वर्चस्व को ले मारपीट व तोड़फोड़

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद साइडिंग में वर्चस्व को लेकर एक बार फिर कुछ असमाजिक तत्वों ने हमला बोलकर माहौल बिगड़ने और साइडिंग इंचार्ज मजीद अंसारी के साथ मारपीट, छीनतई एवं तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का काम किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की संध्या लोयाबाद रेलवे साइडिंग में आयेश कोल ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा साइडिंग में कुछ कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान कनकनी हनुमान बाजार के दर्जनों हथियारबंद युवकों ने अचानक हमला बोल दिया और वहां ड्यूटी में तैनात कंपनी इंचार्ज मजीद अंसारी को उन लोगों ने हथियार का भय दिखाकर अपने कैंजे में लेकर रंगदारी की मांग करते हुए मारपीट की और पैकेट से ९५० रु० निकाल लिया तथा कुर्सी व गाड़ी को तोड़फोड़ की। धमकी भी दी गई। जिससे यहां काम करने वाले लोगों में दहशत फैल गया। उनसे रंगदारी की मांग की गई। यह कहकर वहाँ से फरार हो गये। उक्त घटना के बारे में इंचार्ज मस्जिद ने लिखित शिकायत पुलिस को देकर कारवाई की मांग की है। वहीं इस मामले को थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने जानकारी दी कि शिकायत मिली है।

# जिला स्थापना समिति की बैठक

**धनबाद (कासं) :** जिला स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक के दौरान सेवा संपुष्टि के लिए प्राप्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा समीक्षा कर कुल १२ क्लर्क, १६ राजस्व उप निरीक्षक, ७ अमीन, १० अनुसेवक एवं १ चालक की सेवा संपुष्टि समिति द्वारा की गई। वहीं एलडीसी से यूडीसी में १०, यूडीसी से हेड क्लर्क में ६ एवं हेड क्लर्क से ओएस में कुल ३ लोगों को पदोन्नति समिति द्वारा की गई।बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीएम राजेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता दिलीप महतो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक - गणेश मिश्रा. फोन - 9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

धनबाद
मंगलवार 18.02.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-30 अंक-355 पृष्ठ- 8
फाल्गुन कृष्ण पक्ष-6
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑब्जर्वर



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची (एजेंसी):** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार (१८ फरवरी) को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा चयनित २८९ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री उन युवाओं के लिए नियुक्ति पत्र जारी करेंगे, जिन्होंने नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा २०२३ में सफलता प्राप्त की है।



**चयनित पदों पर नियुक्ति**

मुख्यमंत्री द्वारा जिन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे, उनके द्वारा भरने वाले पदों में गार्डन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक, और विधि सहायक जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। इन नियुक्तियों के माध्यम से राज्य सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए प्रक्रिया को तेज कर रही है।

**सरकार की नौकरी में प्रक्रिया में तेजी**

झारखंड सरकार ने राज्य में बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए नियुक्तियों की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन द्वारा यह कदम राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे उन्हें सरकारी सेवा में स्थान मिलेगा।

**सरकार की दिशा में बड़ा कदम**

यह नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम राज्य सरकार की नौकरी सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल २८९ युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि राज्य के विभिन्न विभागों में कार्य दक्षता भी बढ़ेगी।

## संभल हिंसा मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**संभल (ईएमएस):** संभल शहर के कोट गर्वी मुहल्ले में पिछले साल २४ नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद हसन और समद को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने २४ नवंबर को शाही जामा मस्जिद में एक सर्वेक्षण के दौरान एकत्र हुई भीड़ का हिस्सा होने की बात स्वीकार की। पकड़े गए दोनों लोगों ने पूछताछ में बताया है कि घटना के बारे में सुनने के बाद वे अंजुमन चौराहे पहुंचे जहां मुन्ना के बेटे सुभान सहित भीड़ एकत्र हुई थी। समूह ने कथित तौर पर लोगों को उकसाया, मामले को धार्मिक बातकर उन्हें एकजुट होने का आग्रह किया।

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीईसी चयन पर बैठक, राहुल गांधी भी हुए शामिल

## कांग्रेस ने कहा- अदालत में है मामला बैठक स्थगित की जाए

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के १८ फरवरी को रिटायर होने के बाद उनकी जगह नए सीईसी की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली सेलेक्शन कमेटी में पीएम मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हैं। राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बनेंगे, जिनका कार्यकाल २६ जनवरी २०२९ को तक रहेगा।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस चयन प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है और मांग की है कि अदालत में सुनवाई होने तक इस बैठक को स्थगित किया जाए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के फैसले के खिलाफ है। उन्होंने कहा, सीईसी की नियुक्ति में संतुलन जरूरी है। चयन प्रक्रिया में सिर्फ कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले निर्देश दिया था कि सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश की समिति बनाई जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने इसमें बदलाव कर मुख्य न्यायाधीश को हटाकर कानून मंत्री को शामिल कर दिया, जो न्यायिक संतुलन के खिलाफ है।



# पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी ७ याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल केस की सुनवाई ३ जजों की बेंच को करनी थी, लेकिन सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ २ जजों की बेंच बैठी है। इस कारण यह मामला अब किसी और दिन सुना जाएगा। सीजेआई ने मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करने वाले है। इनकी भी सीमा होती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट को एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग ६ याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है। सांसद ओवैसी ने याचिका में १९९१ के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को लागू करने की मांग है। कानून के मुताबिक, १५ अगस्त १९४७ से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) १९९१ की ६ धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने आखिरी बार १२ दिसंबर २०२४ को सुनवाई की थी।



# सुसाइड केस से जुड़ा अभिनेता अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल नंदा का नाम

**मुंबई (ईएमएस):** बॉलीवुड अभिनेता सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता नंदा के पति और कपूर परिवार के सदस्य निखिल नंदा के लिए कानूनी मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। निखिल, एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। अब उनका नाम एक सुसाइड केस से जुड़ रहा है। मामला उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में एक ट्रैक्टर एजेंसी डीलर के सुसाइड से जुड़ा है। इस केस में निखिल सहित नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।



शिकायतकर्ता ज्ञानेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उनके भाई जितेंद्र सिंह, जो दातागंज में जय किसान ट्रेडर्स नामक ट्रैक्टर एजेंसी चलाते थे, पर कंपनी के अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर की बिक्री बढ़ाने के लिए अत्यधिक दबाव डाला गया। इन अधिकारियों में एरिया मैनेजर आशीष बलियान, सेल्स मैनेजर सुमित राघव, यूपी हेड दिनेश पंत, वित्तीय संग्रह अधिकारी पंकज भास्कर, सेल्स लीडर नीरज मेहरा, शाहजहांपुर के डीलर शिशांत गुप्ता और निखिल नंदा शामिल हैं। आरोप है कि अधिकारियों ने जितेंद्र को धमकी दी कि यदि बिक्री में सुधार नहीं हुआ, तब उनकी एजेंसी बंद कर दी जाएगी। कंपनी के अधिकारियों के दबाव के चलते जितेंद्र अवसाद में चले गए और २२ नवंबर २०२४ को सुसाइड किया। परिवार ने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में, कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद, दातागंज पुलिस स्टेशन के प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अमिताथ के दामाद नंदा सहित सभी आरोपियों के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ है।

**कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई एफआईआर**

बिग बी के दामाद नंदा, भारतीय उद्योग जगत में एक बड़ी हस्ती हैं। वह राज कपूर के नाती और ऋषि कपूर, रणधीर कपूर, राजीव कपूर के भांजे हैं। उन्होंने १९९७ में एस्कॉर्ट्स लिमिटेड में शामिल होकर २०१८ में अपने पिता रजन नंदा के निधन के बाद चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का पद संभाला। उनके नेतृत्व में, कंपनी ने २०२२ में अपना नाम बदलकर एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड कर लिया, जो कृषि, निर्माण और रेलवे उपकरणों में विशेषज्ञता रखती है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

## कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर जंगलों में भीषण आग

**श्रीनगर (ईएमएस):** कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर जंगलों में भीषण आग लगी है, जिससे स्थिति गंभीर हो गई है। लोकल विशेषज्ञों ने इन आग की घटनाओं के लिए जलवायु कारकों और मानवीय लापरवाही दोनों को जिम्मेदार माना है। आग त्राल और बांदीपोरा के जंगलों में फैली, जहां त्राल क्षेत्र के पिंगलिश इलाके में आग ने भयावह रूप लिया और आसपास के इलाकों तक फैल गई।

# अमेरिका से अमृतसर पहुंचते ही तीन भारतीय पहुंचे जेल, आपराधिक मामलों में थी तलाश

**अमृतसर (ईएमएस):** अमेरिका से ११६ गैरकानूनी प्रवासियों को भारत वापस लाया गया। इसमें से तीन भारतीयों को अमृतसर एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार किया गया। इसमें से दो पंजाब के और एक हरियाणा का रहने वाला था, जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप थे।

पंजाब के राजपुरा के निवासी संदीप सिंह और परदीप सिंह पर २०२३ में एक हत्या का आरोप था। यह मामला पटियाला के मंडोली गांव निवासी हरमजोत सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ था। संदीप और उसके चचेरे भाई परदीप को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया और पटियाला पुलिस ने उन्हें तीन दिन की रिमांड पर लिया। वहीं हरियाणा के पेहोवा के साहिल वर्मा पर २०२२ में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप था। इसके बाद साहिल ने पहले वियतनाम और फिर इटली होकर अवैध रूप से जनवरी २०२५ में अमेरिका पहुंचा।

वहां साहिल को अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल ने गिरफ्तार किया और भारत भेज दिया। भारत पहुंचने पर हरियाणा पुलिस को सौंप दिया गया। इसके साथ ही पंजाब के गुरविंदर सिंह पर डकैती और छीना-झपटी के मामले थे। २०२१ में ससराली गांव निवासी गुरविंदर के खिलाफ दो छीना-झपटी के मामले दर्ज हुए थे। एक मामले में गुरविंदर को बरी कर दिया गया, लेकिन दूसरे मामले में फरार हो जाने के कारण गैर-जमानती वारंट जारी हुआ। इसके बाद गुरविंदर को गिरफ्तार किया जाएगा।

# दुर्घटना में घायल किसान नेता कुरुबुरु शांताकुमार को एयर एंबुलेंस से बेंगलुरु लाया गया

**बेंगलुरु (ईएमएस):** पंजाब के पटियाला में एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए कर्नाटक के किसान नेता कुरुबुरू शांताकुमार को एयर एंबुलेंस से बेंगलुरु लाया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। शांताकुमार को पंजाब से उपचार के लिए बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती किया गया है।



मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, सीएम सिद्धरमैया ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पटियाला में तीन दिन पहले हुए सड़क हादसे में शांताकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही सिद्धरमैया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शांताकुमार को एयर एंबुलेंस से बेंगलुरु लाया जाए। दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन की निवासी आयुक्त इमकोंगला जामिर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव और पटियाला अस्पताल के डॉक्टरों के लगातार संपर्क में थीं।

# मुख्यमंत्री ने बैठक में लिया फैसला, 37 कैदियों को किया जाएगा रिहा

**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे ३७ कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।फ

इस बैठक में रिहाई से जुड़े नए मामलों और उन कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था। मुख्यमंत्री ने राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित १०३ कैदियों की रिहाई के प्रस्ताव पर अधिकारियों से गहन चर्चा की।



प्रत्येक कैदी की फाइल पर ध्यान से विचार करते हुए, उनके अपराध की प्रकृति और संबंधित पुलिस अधिकारियों और जेल अधीक्षकों की राय ली गई। इसके बाद, ३७ कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन किया जाए। साथ ही, उनका ट्रैक रिकॉर्ड बनाए रखा जाए और उनकी गतिविधियों की निरंतर निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि रिहा हुए कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उनका जीवन सुचारू रूप से चल सके।

उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों के लिए आय सृजन की व्यवस्था की जाए और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# राम मंदिर में टूटा दान का रिकॉर्ड एक साल में आये 700 करोड़

**अयोध्या (ईएमएस):** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बाद यहां पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। देश विदेश से हर रोज बड़ी संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के रोजाना नए-नए रिकॉर्ड बनाने के साथ राम मंदिर की आय में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्तमान में यह देश के तीसरी सबसे अधिक आय अर्जित करने वाले मंदिरों में से एक है। बीते साल २२ जनवरी २०२४ को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद बीते एक सालों में १३ करोड़ से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या दर्शन पूजन के लिए पहुंच चुके हैं। इस दौरान मंदिर सालाना आय भी ७०० करोड़ रुपये को पार कर चुकी है। राम मंदिर ने सालाना आय के मामले में स्वर्ण मंदिर (अमृतसर), वैष्णो देवी मंदिर (जम्मू कश्मीर) और शिरडी साई मंदिर (शिरडी महाराष्ट्र) को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़े बीते साल जनवरी २०२४ से जनवरी २०२५ तक के हैं। रामनगरी दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की वजह से दान के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। महाकुंभ में स्नान के बाद लाखों श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में रोजाना करीब चार लाख श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं, जिससे दान में भारी वृद्धि देखी जा रही है। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, दस काउंटरों पर प्रतिदिन १० लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है।

# चीनी प्रतिबंधित ड्रोन उड़ाकर भारतीय ड्रोन इंडस्ट्री पर सवाल उठा रहे राहुल गांधी: स्मित शाह

## मोदी सरकार ने ड्रोन की अहमियत पहचान कर ड्रोन नियम बनाए

**नई दिल्ली (ईएमएस):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया वीडियो पर ड्रोन फेडरेशन इंडिया (डीएफआई) के अध्यक्ष स्मित शाह ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। दरअसल राहुल गांधी ने वीडियो में कहा था कि भारत में ड्रोन तकनीक में कोई विकास नहीं हो रहा है और प्रधानमंत्री मोदी को इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने इस वीडियों में दावा किया था कि भारत के प्रतिद्वंदी देशों के पास ड्रोन तकनीक में भारत से कही अधिक क्षमता है।



डीएफआई के अध्यक्ष शाह ने राहुल गांधी के बयान को गलत और तथ्यहीन बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने २०२१ में ही ड्रोन तकनीक की अहमियत को पहचानकर ड्रोन नियम २०२१ लाए थे, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में भारतीय ड्रोन इकोसिस्टम में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इसके अलावा, भारत में ४०० से अधिक कंपनियां हैं जो विभिन्न प्रकार के ड्रोन तैयार कर रही हैं, और ५० से अधिक कंपनियां ड्रोन के कंपोनेंट्स जैसे बैटरी, मोटर, प्रोपेलर आदि का निर्माण करती है।

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपने हाथ में एक चीनी ड्रोन लिया हुआ था, जिसका आयात भारत में प्रतिबंधित है, और उन्होंने इस ड्रोन को संभवतः बिना किसी परमिशन के उड़ाया। उन्होंने सवाल उठाकर कहा कि क्या राहुल गांधी के पास ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट था और क्या उन्होंने दिल्ली में स्थित रेड जोन में ड्रोन को उड़ाने के लिए उचित अनुमति ली थी।

डीएफआई के अध्यक्ष शाह ने कहा कि २०२१ में सरकार ने उद्योग और शिक्षा जगत से मिले फीडबैक के आधार पर ड्रोन नियम लाए थे और इससे भारतीय इकोसिस्टम को काफी फायदा हुआ है, जिससे करीब १७००-१८०० करोड़ रुपये का रेवेन्यू उत्पन्न हुआ है। इसके अलावा, मोदी सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत २० प्रतिशत प्रोत्साहन दिया और विदेशी ड्रोन कंपनियों के सीधे आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इन सब प्रयासों का उद्देश्य भारत को २०३० तक वैश्विक ड्रोन हब बनाना है। शाह ने राहुल गांधी से आग्रह किया कि केवल आलोचना करने से बदलाव नहीं आएगा। यदि बदलाव लाना है, तब हमें ड्रोन के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग और सरकार की भूमिका पर ठोस सुझाव देने की जरूरत है।

# देश के 60 सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया स्थापित किए जाएंगे : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (ईएमएस):** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर १५ फरवरी को रात में हुई भगदड़ जैसी घटना को रोकने के लिए रेलवे ने तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने का फैसला किया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा कि है कि देश के ६० सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया स्थापित किए जाएंगे। यह होल्डिंग एरिया यात्रियों को उनकी ट्रेन के आगमन तक प्रतीक्षा करने के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान प्रदान करेगा। इस व्यवस्था के तहत, यात्रियों को पहले होल्डिंग एरिया में बैठाया जाएगा और जब उनकी ट्रेन आएगी, तभी उन्हें प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। यह व्यवस्था प्लेटफार्म पर भीड़ को कम करने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगी।

रेलवे ने कुछ स्टेशन के नाम बताए है जहां पर ये होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार स्टेशन, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, कानपुर, झाँसी, पटना, दरभंगा, आरा, मुंबई, सूरत, सोनपुर, बंगलौर, हावड़ा, मालदा और अन्य।



रेल मंत्री ने बताया कि, छट पूजा के दौरान दिल्ली में बनाये गए होल्डिंग एरिया सफल रहा। ऐसा ही होल्डिंग एरिया महाकुंभ के किए प्रयागराज में बनाया भी है। इसी तरह का देश के ६० स्टेशनों पर बनाया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे जल्द ही एक जागरूकता अभियान चलाएगा जिसमें यात्रियों को रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर न बैठने के लिए कहा जाएगा। यह अभियान इसलिए शुरू किया जा रहा है क्योंकि अक्सर यात्री सीढ़ियों पर बैठ जाते हैं, जिससे प्लेटफार्म पर आने और जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। सीढ़ियों पर भीड़ को कम करने से भगदड़ जैसी घटनाओं से बचा जा सकता है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि रेल मंत्रालय ६ महीने के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा, जिसमें यात्रियों, प्लेटफार्म पर काम करने वाले कर्मचारियों, स्टॉल लगाने वाले दुकानदारों और अन्य लोगों की राय और सुझाव लिए जाएंगे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए घटना के बाद रेलवे में बड़े स्तर पर भीड़ नियंत्रण की ट्रेनिंग दी जाएगी। रेलवे में भीड़ को कैसे नियंत्रित किया जाए? इसको लेकर रेलवे के मैन्युअल बनाया जाएगा। रेलवे अपने ऑपरेटिंग मैन्युअल में बदलाव करेगा ताकि इस तरह के घटना से निपटने में मदद मिले।

# सीवान सहित कई जिलों में आया भूकंप

**पटना (एजेंसी) :** दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. बताया जा रहा है कि सुबह आठ बजकर २ मिनट पर यह भूकंप आया है. जानकारी के मुताबिक, भूकंप का एपीसेंटर सीवान था और रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता ४.० मापी गई है. इस समय लोग दहशत में है क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार में भी भूकंप आया है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, आज सुबह ०८:०२:०८ बजे रिक्टर स्केल पर ४.० तीव्रता वाला भूकंप बिहार के सीवान में आया. भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर ४.० थी. इसका केंद्र जमीन से १० किलोमीटर की गहराई पर था. यह २५.९३ डिग्री उत्तरी अक्षांश और ८४.४२ डिग्री पूर्वी देशांतर पर था. भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए. कई लोग तो आफ्टर शॉक की दहशत में लंबे समय तक घर के बाहर ही नजर आए.

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
### (जिला पर्यटन कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email:-dsobokaro1@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उप निदेशक पर्यटन, निदेशालय, झारखण्ड, राँची पत्राक–128 / राँची दिनांक 31.01.2025 के निदेशानुसार पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े निम्न Category व्यवसायी को Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना अनिवार्य है :–

1. **Accommodation Units.**
2. **Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO).**
3. **Boat Operator.**
4. **Entertainment Related unit.**
5. **Tour Operator/Travel Agent/Tourist Transport Operator.**
6. **Tourist Guide.**
7. **Professinonal Tourist Photographers.**

अतः बोकारो जिला अंतर्गत वैसे व्यक्ति जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या कारोबार कर रहे हैं या करना चाहते हैं वे Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकरी हेतु बोकारो जिला के वेबसाइट bokaro.nic.in पर या जिला खेल कार्यालय बोकारो का Email ID: dsobokaro1@gmail.com से सम्पर्क की जा सकती है।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी–सह–पर्यटन
नोडल पदाधिकारी, बोकारो

PR 346545 Tourism(24-25)#D

## Government of Jharkhand
## Urban Development And Housing Department
## Dhanwar Nagar Panchayat, Giridih

E-Procurement Tender Notice No. DNP/02nd call/2024-25
Reference No. DNP/02nd call/2024-25 Date: 13-02-2025

| क्र0 सं0 | ग्रुप नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | DNP/02/2024-25/02 | वार्ड सं0– 10 चाँदनी चौक से वन विभाग कार्यालय, धनवार तक नाली निर्माण। | 1400650.00 | 28100.00 | 5,000.00 | 120 दिन |
| 02 | DNP/02/2024-25/03 | वार्ड सं0– 10 रेफरल हॉस्पीटल से गैस ऐजेंसी वाया बिजय साव के घर तक नाली निर्माण। | 1172650.00 | 23500.00 | 5,000.00 | 120 दिन |
| 03 | DNP/02/2024-25/04 | वार्ड सं0 – 02 नकुल स्वर्णकार से सुरेन्द्र शर्मा के घर तक नाली निर्माण। | 521200.00 | 10500.00 | 5,000.00 | 120 दिन |

Date of Publication of Tender on website :- 15.02.2025 at 03:00 PM
Online Last Date / Time for receiving of bids :- 03.03.2025 (Online) Till 03:00 PM
Date of Bid Opening :- From 04.03.2025 at 03:00 PM (Online)
NOTE :- (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost/Quantity May Vary.
(iv) Dhanwar Nagar Panchayat reserves the right to reject any or all tender(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-
Executive Officer,
Dhanwar Nagar Panchayat

PR.NO.346539 Rural Development(24-25):D

## झारखण्ड सरकार
## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
### (खनन शाखा)

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि The Jharkhand State Sand Mining Policy,2017 के प्रावधानानुसार जिलातर्न्गत कुल 25 Category-I बालूघाट चयनित है,जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

**Details of 'Category-1' Sand Ghats:**
**DISTRICT OF 'CATEGORY -1' SAND GHATS IN JAMTARA DISTRICT OF JHARKHAND STATE**

| Sl. No. | Sand Ghat Name | Block | Mouza | River |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Raghunathpur Sand Ghat | Fatehpur | Raghunathpur | Sheela Nadi |
| 2 | Khijuria Sand Ghat | Fatehpur | Khijuria | Sheela Nadi |
| 3 | Majhladi Sand Ghat | Fatehpur | Majhladi | Sheela Nadi |
| 4 | Harirakha Sand Ghat | Fatehpur | Harirakha | Sheela Nadi |
| 5 | Tarabad Sand Ghat | Fatehpur | Tarabad | Sheela Nadi |
| 6 | Bhandaro Sand Ghat | Jamtara | Bhandaro | Rajiya Nadi |
| 7 | Saldaha Sand Ghat | Kundhit | Saldaha | Kuruli Nadi |
| 8 | Kamliya Sand Ghat | Kundhit | Kamliya | Siddheswari Nadi |
| 9 | Amladahi Sand Ghat | Kundhit | Amladahi | Siddheswari Nadi |
| 10 | Katna Sand Ghat | Kundhit | Katna | Siddheswari Nadi |
| 11 | Bheladih Sand Ghat | Kundhit | Bheladih | Siddheswari Nadi |
| 12 | Amba Sand Ghat | Kundhit | Amba | Kuruli Nadi |
| 13 | Satki Sand Ghat | Kundhit | Satki | Kuruli Nadi |
| 14 | Satki Sand Ghat | Kundhit | Satki | Kuruli Nadi |
| 15 | Goladanga Sand Ghat | Kundhit | Goladanga | Hingla Nadi |
| 16 | Godopial Sand Ghat | Nala | Godopial | Kuruli Nadi |
| 17 | Magura Sand Ghat | Nala | Magura | Kuruli Nadi |
| 18 | Pipra Sand Ghat | Nala | Pipra | Siddheswari Nadi |
| 19 | Kunjbana Sand Ghat | Nala | Kunjbana | Sheela Nadi |
| 20 | Baraakna Sand Ghat | Kundhit | Baraakna | Hingla Nadi |
| 21 | Bikrampur Sand Ghat | Nala | Bikrampur | Hingla Nadi |
| 22 | Bangarhi Sand Ghat | Fatehpur | Bangarhi | Sheela Nadi |
| 23 | Dadar Sand Ghat | Nala | Dadar | Hingla Nadi |
| 24 | Tubargada Sand Ghat | Fatehpur | Tubargada | Sheela Nadi |
| 25 | Phuljori Sand Ghat | Jamtara | Phuljori | Rajiya Nadi |

उक्त बालूघाटों से उठाव किए गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य, सरकार द्वारा प्रयोजित कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन आदि के लिए होगा।
अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस के दिन संबंधित अंचल अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त
जामताड़ा

PR 346535 Jamtara(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/59/2024-25**
**1.कार्य की विस्तृत विवरणीः**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला चास प्रखण्ड अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कठवारी में अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण। | 5480000.00 | 110000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.02.2025 से दिनांक 04.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.03.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

PR 346595 Rural Development(24-25).D

# राहुल के बाद मल्लिकार्जुन खरगे का बिहार दौरा फाइनल

**पटना (एजेंसी):** बिहार विधानसभा चुनाव में अब मुश्किल से ६ महीने का वक्त बचा है. बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी एक्टिव हो गई है. पार्टी ने हाल ही में बिहार में नया प्रभारी नियुक्त किया है. अब पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बिहार आने वाले हैं. खरगे का बिहार दौरा फाइनल हो गया है. वह आगामी २२ फरवरी को बिहार आ रहे हैं.

कांग्रेसियों से मिली जानकारी के अनुसार वे बक्सर में पार्टी की ओर से आयोजित जय बापू-जय भीम जय संविधान कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें कि इससे पहले २० दिन के भीतर राहुल गांधी दो बार बिहार आ चुके थे. राहुल गांधी के ठीक बाद अब खरगे बिहार आ रहे हैं. इसको लेकर कांग्रेसी काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं.

खरगे के बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है. जानकारी के मुताबिक, २२ फरवरी को खरगे बक्सर में आयोजित 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' कार्यक्रम में भाग लेंगे और लोगों को मंच से संबोधित करेंगे.

इस कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद रहेंगे. वह २० फरवरी को ही बिहार पहुंच जाएंगे और तीन दिन तक बिहार में ही रहेंगे. इस दौरान



वह पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार कर सकते हैं. कृष्णा अल्लावरू के आगमन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

बता दें कि बिहार में राजद के साथ गठबंधन को लेकर स्थिति साफ नहीं है. पिछले दिनों लालू यादव ने ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेता बनाने की वकालत की, तो तेजस्वी ने इंडिया गठबंधन को सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित रहने की बात कही थी. राजद नेताओं की इस बयानबाजी पर कांग्रेस ने नाराजगी जताई थी.

इसके ठीक बाद जब राहुल गांधी पटना आए थे, तो उन्होंने बिहार में हुई जातीय जनगणना को फर्जी बताया था. राहुल के इस बयान से राजद असहज हो गई थी, क्योंकि तेजस्वी यादव की ओर जातीय जनगणना का क्रेडिट लूटने की कोशिश होती रही है. दिल्ली में कांग्रेस ने जिस तरह से आम आदमी पार्टी से गठबंधन तोड़ा है, उसका असर भी बिहार में दिखाई पड़ रहा है.

सियासी जानकारों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी इन दिनों 'सिर पर कफन' बांधकर निकली है. अगर बिहार में राजद ने उसको आंखे दिखाने की कोशिश की तो कांग्रेस उससे गठबंधन तोड़ सकती है. इससे तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर हो सकता है. हालांकि, राहुल गांधी अपने बिहार दौरे में लालू यादव के घर उनसे मिलने गए थे. इससे गठबंधन मजबूत होने का संकेत मिला था. लेकिन अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बिहार दौरे पर लोगों की निगाहें टिकी हैं.

## प्रयागराज महाकुंभ में फिर लगी आग, अब तक पांच बार लग चुकी है आग

प्रयागराज, (ईएमएस): प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार को फिर आग लग गई है। सेक्टर-८ में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। बात दें कि महाकुंभ के शुरु होने के बाद से ये पांचवी बार आग लगी है।

महाकुंभ में कब कब लगी आग...

१९ जनवरी: सेक्टर १९ में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, इस हादसे में १८० कॉटेज जल गए। कोई जानहानि नहीं हुई थी। इसके बाद ३० जनवरी को सेक्टर २२ में आग लगी थी, इसमें १५ टेंट जले थे। इसके बाद ७ फरवरी को फिर सेक्टर-१८ में आग लगी थी। हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, इसमें २२ पंडाल जल गए। १५ फरवरी को सेक्टर १८-१९ में आग लगी। इस आग को तुरंत बुझा लिया गया है। फिर १७ फरवरी को सेक्टर-८ में आग लगी। इस पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

वहीं महाकुंभ में सोमवार को फिर जबरदस्त भीड़ है। दोपहर २ बजे तक ९२.५० लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज के सभी ७ एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं। भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को २६ फरवरी तक

# दिल्ली से नीतीश कुमार खाली हाथ लौट आए

**पटना (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार १६ फरवरी को दिल्ली के दौरे पर गए थे और १७ फरवरी को दोपहर तक लौट भी आए. नीतीश कुमार दिल्ली गए तो थे पर्सनल सिक्योरिटी अफसर विक्रम परवीर सिंह की बेटी की शादी में शिरकत करने गए थे, लेकिन उनके दौरे को लेकर राजनीतिक बैठकों में भी शामिल होने की उम्मीद थी. अब चूंकि वे लौट आए हैं और बिना पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिले लौटे हैं तो अब एक खबर हवा में तैरेंगी.

वो खबर मुख्यमंत्री के नाराज होने की खबर होगी. इस खबर से जोड़कर और न जाने कितनी खबरें बनेंगी. पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात होती तो एक खबर बनती, लेकिन अब बिना मुलाकात के न जाने कितनी खबरें बनेंगी. जितने खबरनवीस, उतनी ही तरीके की खबरें. बिहार एनडीए में टूट की खबरें तो अब आम बात हो गई है. रोजाना इस तरह की खबरें अखबारों, डिजिटल मीडिया और टीवी चैनलों की प्राइम टाइम का हिस्सा बनती हैं.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात नहीं हुई, कोई बात नहीं हुई. अब यहां से निकलेगी की नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरें और तार तोड़े जाएंगे अमित शाह के उस बयान से, जिसमें उन्होंने बिहार में २०२५ के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के चुनने को लेकर जो बयान दिया था. इसके अलावा वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट का भी हवाला दिया जाएगा. नाराजगी की खबरें देने वाले यह भूल जाएंगे कि इस समय न तो मकर संक्रांति का समय है और न ही इफ्तार पार्टी का. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अकसर इन्हीं दोनों मौकों पर अपना नजरिया बदलते रहे हैं और उसके साथ ही बिहार की राजनीति को भी ३६० डिग्री पर घुमा देते हैं.

खैर, अब खबरें टाइप हो रही होंगी, स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका होगा, शाम के प्राइम टाइम डिबेट के लिए गेस्ट से कोआर्डिनेशन का काम भी शुरू हो चुका होगा, गेस्ट भी तय कर लिए गए होंगे. अखबारों में आर्टिकल लिखने वाले नीतीश कुमार की नाराजगी के किस्से पुराने अखबारों की फाइल में खंगाल रहे होंगे, ताकि उनकी अगले दिन छपने वाली आर्टिकल सारगर्भित लगे. जिस नीतीश कुमार के इंडिया ब्लॉक से एनडीए में लौटने के बाद लोकसभा चुनाव की दशा और दिशा बदल गई, उस नीतीश कुमार के दिल्ली आने और किसी



से न मिलने पर इतनी खबरें और कवायद तो बनती हैं.

राजद की ओर से तेजस्वी यादव और उनकी टीम मीडिया में बयान देगी और यह जताने की कोशिश करेगी कि पीएम मोदी और गृह मंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समय नहीं दिया. इसके साथ ही इसे बिहार की अस्मिता से भी जोड़ा जाएगा. किसी को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम क्या था, वे दिल्ली क्यों गए थे, उनके कार्यक्रम में किससे मिलना तय हुआ था और किससे नहीं, लेकिन माहौल पूरा बनाया जाएगा. चुनावी साल है तो जितनी महफिल लूटना है लूटने की कोशिश की जाएगी.

नीतीश कुमार इस साल की शुरुआत में ही न्यू ईयर के मौके पर दिल्ली आए थे और उनके कार्यक्रम में पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों से मुलाकात तय था. इसके अलावा उनका कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था. पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली से पटना लैंड कर गए और हवा के झोंकों के साथ पटना की फिजा में उनकी नाराजगी की खबरों से स्थान बना लिया. ताबड़तोड़ खबरें आने लगीं.

तब लालू प्रसाद यादव ने एक बयान दे दिया था कि अगर नीतीश कुमार महागठबंधन में आते हैं तो वह आगे बढ़कर स्वागत करेंगे. लालू प्रसाद यादव ने यह भी कह दिया था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन बदलने का जो काम किया है, उसको वे माफ कर देंगे. इससे नीतीश कुमार के एनडीए छोड़ने की खबरों को हवा मिली. हालांकि तेजस्वी यादव ने लालू प्रसाद यादव के इस बयान को तवज्जो नहीं दी और यह भी कह दिया कि अब महागठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी की वापसी नहीं हो सकती. जेडीयू के प्रवक्ताओं और नेताओं ने भी आगे बढ़कर महागठबंधन में जाने की खबरों का खंडन कर दिया था. खुद सीमामढ़ी में नीतीश कुमार ने भी प्रगति यात्रा के दौरान यह माना था कि महागठंधन में जाना उनकी गलती थी और दोबारा उधर जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता.

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
### (जिला खेल शाखा)
ई–मेलः–sports-giridih@jharkhandmail.gov.in

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड खेल प्राधिकरण, राँची द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में खिलाड़ियों का चयन किया जाना है, जिस हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रं0 सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विधा का नाम | रिक्त खिलाड़ियों की संख्या | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभा चयन ट्रायल का तिथि एवं समय | सम्पर्क कर्मी का नाम एवं मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | खेलो इण्डिया सेंटर, जमुआ स्टेडियम, मिर्जागंज | फुटबॉल | 10 (बालिका) | जमुआ स्टेडियम, मिर्जागंज | 23.02.2025 पूर्वाह्न 09:00 बजे | 1. श्री आशुतोष कुमार राय, जिला खेल समन्वयक, गिरिडीह (9934195963) 1. श्री रंजीत कुमार ठाकुर, प्रशिक्षक (9905731151) |
| 02 | बालिका बैडमिंटन क्रीड़ा किसलय केन्द्र, इण्डोर स्टेडियम, गिरिडीह | बैडमिंटन | 15 (बालिका) | गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह | 23.02.2025 पूर्वाह्न 09:00 बजे | 1. श्री आशुतोष कुमार राय, जिला खेल समन्वयक, गिरिडीह (9934195963) 2. श्री मुकेश कुमार राम (7870769003) 3. श्री रोशन कुमार, प्रशिक्षक (7488469262) 4. अभिषेक कुमार सिन्हा (8709865378) |
| 03 | बालक बैडमिंटन क्रीड़ा किसलय केन्द्र, इण्डोर स्टेडियम, गिरिडीह | बैडमिंटन | 14 (बालक) | गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह | 23.02.2025 पूर्वाह्न 09:00 बजे | |

अतः जो भी प्रतिभागी इस चयन ट्रायल में भाग लेना चाहते है वो नीचे दिए गये नियम एवं शर्तों के अनुरूप Eligibilty Form में अपनी पुरी विवरणी दिनांक 23.02.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे तक आयोजन स्थल में निश्चित रूप से लेकर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।
नोटः– www.giridih.nic.in से Eligibilty Form डाउनलोड किया जा सकता है या जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह अथवा इण्डोर स्टेडियम, गिरिडीह से प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्तेंः–**
1. प्रतिभागियों की आयुसीमा 01.04.2024 तक 08 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
2. आधार कार्ड / नगर निगम अथवा पंचायत निर्गत जन्म प्रमाण पत्र आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
3. दो पासपोर्ट साईज फोटो (अद्यतन)
4. प्रशिक्षुओं का चयन सामान्य शारीरिक जाँच एवं विशेष कौशल जाँच द्वारा किया जाएगा।

जिला खेल पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 346529 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)24-25*D

## अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, धनबाद।
### (खाद्य सुरक्षा–शाखा)

**आम सूचना।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standard Act,2006) के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाला कानून है। इस कानून के तहत् खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्रि और आयात को नियंत्रित किया जाता है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(FSSAI) की स्थापना की गयी है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य व्यवसाय शुरू करने से पहले लाइसेंस / रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

1. FSS Act-2006 की धारा–63 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों को (जैसे–किराना दुकान, खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, उत्पादक, वितरक, पूर्तिकार, प्रसंस्करणकर्त्ता, भण्डारक, पैकेजिंग, परिवाहक, मीट, मछली एवं चिकन बिक्री कर्त्ता, होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेन्ट, दवाखाना, मिठाई बिक्री कर्त्ता, फल और सब्जी दुकान, राईस मिल, आटा मिल, तेल मिल, पानी पैकेजिंग, चाय दुकान, गन्ना जूस, फुचका–चाट–छोला दुकान इत्यादि) को बिना वैध FSSAI License/Registration के कारोबार करना दंडनीय अपराध है, एवं इसमें धारा–63 के तहत् 10 लाख रूपये तक का जूर्माना किया जा सकता है।
2. FSSAI Registration के लिए आवश्यक दस्तावेज– पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और दुकान का बिजली बिल लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
3. FSSAI License के लिए आवश्यक दस्तावेज– आधार कार्ड और दुकान का बिजली बिल, FSMS Plan form, Self Declaration form, GST Certificate, और पैन कार्ड लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। सभी मीट, मछली एवं चिकन दुकान के लिए स्थानीय पंचायत या नगर निगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी होटल / रेंस्टोरेंट संचालक को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ में उपयोग किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता किसी भी FSSAI/ NABL Accredited Notified Lab से जाँच करा कर जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
5. FSSAI एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के आदेश संख्या–226(F) दिनांक–11.10.20219 के आदेशानुसार सभी तरह के खाद्य कारोबारकर्त्ता को FoSTaC का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। सभी खाद्य कारोबारी FoSTaC का प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। FoSTaC प्रशिक्षण हेतु आयोजन की सूचना खाद्य सुरक्षा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
धनबाद।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
धनबाद।

PR 346572 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)D

# पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने की सनातन बोर्ड की वकालत

**महोबा(ईएमएस):** महामंडलेश्वर और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आज हिन्दुओं के लिए सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की है. कहा की वक्फ बोर्ड की तरह इसे स्वरूप प्रदान किया जाए ताकि सनातन के



प्रतीकों,धर्म और संस्कृति का संरक्षण हो सके. उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के महोबा में भाजपा के बजट चर्चा कार्यक्रम में सम्मलित होने पहुंची साध्वी निरंजन ज्योति ने पत्रकार वार्ता में कहा की प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर अनर्गल बयानबाजी करने वाले सनातन के द्रोही है. उन्होंने कहा बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री लालू प्रसाद यादव का चरित्र जग जाहिर है. उन्होंने पूर्व में राम जन्म भूमि स्थल पर शौचालय निर्माण कराये जाने का बयान देकर अपनी विकृत बुद्धि विवेक का परिचय पहले ही दे दिया था. देश की जनता ऐसे लोगो को जान चुकी है. उन्हें आगे भी जनमानस से उचित जवाब मिलेगा.

साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा की इसी प्रकार समाजवादी पार्टी भी अपने पुराने अपराध से सनी है. तत्कालीन मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव ने राम मंदिर के कार सेवकों पर गोली चलवा कर जो अपराध किया था उसका दंड तो उसे मिलना स्वभाविक है. सपा ने आज तक इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफ़ी भी नहीं मांगी है.साध्वी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के कुम्भ स्नान पर प्रसन्नता जताते हुये कहा की यह उनकी श्रद्धा है.इस पर किसी प्रकार की राजनैतिक स्टंट बाजी नहीं होनी चाहिए. पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भाजपा द्वारा महोबा के टाउन हाल में आयोजित बजट चर्चा में हिस्सा लिया और मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने वाले बजट के लिए मोदी सरकार की सराहना की.

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।

**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डलान्तर्गत आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **RDD/SD/GIRIDIH/26/2024-25,** जिसका पी० आर० संख्या–346230 है, में अपरिहार्य कारणवश तिथि निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है –

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 19.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 19.02.2025 से दिनांक 25.02.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक 27.02.2025 अपराह्न 02:00 बजे।

निविदा की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
गिरिडीह।

PR 346528 Rural Development (24-25)D

# नीति आयोग के सभी आयामों में जिले का प्रदर्शन संतोषजनक : मंत्री



**बोकारो (ससे):** भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को बोकारो परिसदन सभागार में उपायुक्त विजया जाधव समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों अंतर्गत किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त विजया जाधव ने केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री को क्रमवार स्वास्थ्य - पोषण, शिक्षा, कृषि - जल संसाधन, बुनियादी ढांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए कार्य, आंकांक्षी जिला - आंकांक्षी प्रखंड का कंपोजिट स्कोर एवं डेल्टा रैंक के संबंध में बताया।

बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जिले के लिए प्रमुख चुनौती एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया। जिसमें एनीमिया, ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) और स्वास्थ्य सेवाओं के दिशा में किए गए कार्यों को बताया। टीबी के रोकथाम को लेकर कई जागरूकता शिविर, मरीजों के पहचान/उपचार को लेकर २,२८५ टीवी शिविर आयोजित किया गया। बेहतर पोषण एवं बीमारी से तेजी रिकवरी को लेकर ६३३ टीबी मरीजों के बीच २,४२८ फूड बास्केट का वितरण किया गया। वहीं, गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नहीं हो, ससमय उनका जांच और उपचार हो इसके लिए जिला प्रशासन के पहल पर डीएमएफटी मद से १२४ हेमोग्लोबिनोमीटर उपलब्ध कराया गया है, ४००० से ज्यादा आंगनबाड़ी कर्मियों को तीन महिने का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वह तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें। प्रत्येक माह के ०९ एवं ११ तारीख को विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं* को सुलभ बनाने को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया है। गर्भवती महिलाओं के जांच के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनसी टेबल, बीपी मशीन, वेट मशीन आदि उपलब्ध कराया गया है, जहां प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार - शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका एवं स्वास्थ्य विभाग की सहिया - एएनएम द्वारा टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच किया जाता है। आवश्यकतानुरूप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक, पारा मेडिकल, एएनएम/ जीएनएम एवं माड्यूलर ओटी सदर अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सहियाओं को ईलेक्ट्रानिक स्कूटी भी उपलब्ध कराया है, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकें। संस्थागत प्रसव के मामले में जिले का प्रदर्शन शतप्रतिशत है। आंगनबाड़ी केंद्रों को माडल आंगनबाड़ी केंद्र/ लर्निंग म्यूजिम के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में ४५ खाद्य पदार्थों से निर्मित रेडी टू ईट पैकेट की आपूर्ति की जा रही है, जिससे बच्चों को बेहतर पोषण मिल सके। कुपोषित बच्चों को भी कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कर उन्हें कुपोषण मुक्त किया जा रहा है। वर्तमान में कुपोषण उपचार केंद्रों को अपग्रेड भी किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच की व्यवस्था, केंद्रों को लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित करने जैसे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे राष्ट्रीय पटल पर रखने की बात कहीं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला विभिन्न कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और यह क्रम अभी भी जारी है। उन्होंने छात्र - शिक्षक अनुपात, विद्यालयों में पेयजल की सुविधा, शौचालय की सुविधा आदि के संबंध में जाना। जिले के सभी विद्यालयों को भी लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित किया गया है। विद्यालयों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं टैब लैब भी है।

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कृषि - जल संसाधन, बुनियादी ढ़ांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा की। कृषि - जल संसाधन के समीक्षा क्रम में उन्होंने जिले में कम सिंचाई की आवश्यकता वाले धान की फसल की जानकारी ली।

बैठक में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कुछ सुझाव भी दिए इस क्रम में उन्होंने जिला कृषि विभाग को लघु सिंचाई में ड्रिप सिंचाई के साथ स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल करने को कहा। वहीं, पहाड़ी एवं सिंचाई सुविधा कम वाले क्षेत्रों में औषधीय पौधा मदार की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को इस दिशा में कार्य करने को कहा।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ अभय प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

बोकारो परिसदन में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक बोकारो श्वेता सिंह के साथ संवाद किया। उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली और आंकांक्षी जिला एवं आंकांक्षी प्रखंडचउ से संबंधित उनके सुझावों को प्राप्त किया।

## युवा कांग्रेस ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**डुमरी (ससे):** युवा कांग्रेस की ओर से सोमवार को कुलगो उत्तरी पंचायत सचिवालय सभागार में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक के नेतृत्व में आयोजित शिविर का उद्घाटन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कारी बरकत अली मुखिया रूक्मिणी देवी पंसस सुशीला देवी उपमुखिया चिन्ता देवी सामाजिक कार्यकर्ता खिरोधर साव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शिविर में क्षितिज हॉस्पिटल रांगामाटी के चिकित्सक डॉ अब्दुल्ला एवं डॉ साजिया आफरीन ने शिविर में आये हुए मरीजों का इलाज करते हुए निशुल्क दवाई दी। इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपना इलाज करा कर निशुल्क दवाई प्राप्त किया।मौके पर अस्पताल के प्रदीप कुमार युवा कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी सचिव युसूफ अन्सारी, मनोज सिंह, दीपक जैन, सादिक अली आदि उपस्थित थे।

## राजपूत समाज की बैठक

**पुटकी (ससे) :** मुनीडीह, वरडुभी, जतुडीह दुबराजडीह, अलगरिया बस्ती के राजपूत समाज की बैठक सोमवार को सूर्य नारायण सिंह की अध्यक्षता मे बालूडीह दुर्गा मंदिर प्रांगण में संपन्न हई। जिसमें संगठन के विस्तार, समाज के मजबूती एवं कमिटी गठन पर विचार विमर्श किया गया। अगली बैठक २० फरवरी को निर्धारित की गई। बैठक मे पी एन सिंह, सुधीर कुमार सिंह अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

## छात्रों को मिली साइबर सुरक्षा की जानकारी



**धनबाद (कासं) :** साइबर अपराध मौजूदा वक़्त में एक बड़ी चुनौती है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से प्रलोभन देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ठगी के अपराध को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को धनबाद पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत धनसार थाना अंतर्गत मल्टीटेक आईटीआई जोड़ाफाटक में पुलिस की पाठशाला के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस की पाठशाला में साइबर डीएसपी संजीव कुमार व साइबर थाना प्रभारी अक्षय राम एवं धनसार थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय ने वहां उपस्थिति छात्र छात्राओं को साइबर अपराध के शिकार होने से बचने का गुर सिखाया।

अभियान के तहत वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी देते हुए इससे बचाव के तरीकों एवं उपायों के प्रति जागरूक किया और उन्हें डिजिटल सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपयोगी जानकारियों कों साझा किया गया। जैसे अपनी गोपनीय जानकारी किसी अन्य कों प्रदान ना करना, इंटरनेट मीडिया में अनजान व्यक्तियों का मित्रता अनुरोध स्वीकार ना करने, ओटीपी साझा न करने सहित हनी ट्रैप, साइबर बुलिंग से निपटने के तरीके और १९३० साइबर हेल्पलाइन के उपयोग की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को उनके रोजमर्रा के डिजिटल कामकाज में सुरक्षित रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। विशेष रूप से यह बताया गया कि कैंसे वे अज्ञात लिंक पर क्लिक नही करने से ठगी जैसी घटनाओ से बच सकते हैं और इंटरनेट मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रख सकते हैं।

साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने सरल और सहज भाषा में वहां उपस्थित छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के विषय में जागरूक किया और उनके सवालों का जवाब देते हुए उन्हें विभिन्न साइबर खतरों से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए गए।

## प्रो. डॉ जितेन्द्र महतो ने संभाला प्राचार्य पद

**बलियापुर (ससे) :** बीबीएम कॉलेज बलियापुर में सोमवार को नए प्राचार्य डॉ जितेंद्र महतो ने पदभार संभाला। कॉलेज के सचिव अधिवक्ता राहुल कुमार महतो ने नए प्राचार्य महतो को अपने हाथों से ग्रहण किया। मौके पर भाजपा नेत्री तारा देवी प्रो ज्योतिष कुमार महतो, प्रो विद्याधर प्रसाद, डॉक्टर सबीना खातून, डॉ वाल्मीकि प्रसाद महतो, निमाई चंद महतो, प्रो निर्मल कुमार महतो, प्रो मन्नान अंसारी, डॉ बीके राय, परिमल महतो, प्रो एम एम महतो, प्रो शिखा रानी महतो, प्रो दीपा रानी महतो, प्रो उषा रानी महतो, संतोष कुमार महतो, सुनील महतो आदि ने बधाई दी।

## एग्रोपार्क व कस्तूरबा विद्यालय का राज्य मंत्री ने किया निरीक्षण



**बोकारो (ससे):** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने चास के कांड्रा के नगर वन का निरीक्षण किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को उच्चस्तरीय नगर वन में विकसित किए जाने हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजे जाने के लिए निदेशित किया गया.

वहीं, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कसमार स्थित एग्रो पार्क का निरीक्षण किया। इस क्रम में जेएसएलपीएस की दीदीओं द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने दीदीओं से क्रमवार संवाद किया। उनके द्वारा बैंक से लिए गए ऋण, काम व आमदनी के संबंध में चर्चा की। मंत्री उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। दीदीओं ने समूह से जुड़कर आर्थिक स्वलंबन के संबंध में अपनी बात रखीं। कहा कि कैसे वह खेती, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि से आर्थिक रूप से समृद्धि हो रही है। मौके पर जेएसएलपीएस द्वारा लगाया गएं विभिन्न स्टाल का भी जायजा लिया।

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कसमार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से क्रमवार संवाद किया। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधि को लेकर किए गए कार्यों जैसे आइटीसी लैब, पुस्तकालय, विद्यालयों को लर्निंग म्यूजियम के रूम में विकसित करने, छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग आदि का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में आम का पौधा लगाया एवं छात्राओं के साथ समूह फोटो खिंचवाई। विद्यालय की व्यवस्था देख प्रसन्नता जताई।

मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पेटरवार का भी निरीक्षण किया। केंद्र में स्थापित मॉड्यूलर ओटी, कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया।

## डॉ. नेहा प्रियदर्शनी को स्पेशल अप्प्रेसिएशन अवार्ड



**धनबाद (कासं) :** ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ ऑब्स्ट्रैटिक एंड गायनोकोलॉजी सोसाइटी के द्वारा इस वर्ष मुंबई में ८ जनवरी २०२५ से १२ जनवरी तक ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। जिसमें देश भर के करीब १५,००० से अधिक चिकित्सक उपस्थित हुए थे। कॉन्फ्रेंस में पूरे देश में चिकित्सा से संबंधित जो नए अनुसंधान, नए प्रकार के शल्य क्रिया, विभिन्न प्रकार के नई दवाओं का अविष्कार हुआ इस पर विस्तृत जानकारी दी गई। देश के नामचीन चिकित्सकों के द्वारा इस विषयों पर प्रकाश डाला गया।

उसी सम्मलेन में देश भर के चिकित्सकों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में वर्ष भर विशिष्ट सेवा देने के लिए एवार्ड प्रदान की जाती है। यह एवार्ड खासकर ऐसे चिकित्सक को प्रदान की जाती है जो देश के सुदूर क्षेत्रो में महिलाओं में खून की कमी, किशोरी बच्चियों में जागरूकता एवं महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान चलाती हैं।

इस उपलब्धि पर धनबाद जिला के सभी सामाजिक संस्था एवं चिकिसक समाज ने ख़ुशी जाहिर की। इस उपलब्धि पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ शिवानी झा, उषा चौधरी, डॉ साधना, डॉ नीतू सहाय, डॉ रश्मि सिन्हा, डॉ आनंद कुमार, डॉ सुनील नायक, बिजय कुमार झा, डॉ धीरज चौधरी, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ टी आर राय, डॉ प्रभात कुमार, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू, उदय कुमार सिंह, शंकर चौहान, गौतम मंडल, सुशिल चौधरी, अनुज सिन्हा पल्टू, धीरज सिंह, मुन्ना झा, अमित पासवान, अभिनाश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, ललित अग्रवाल, साधना मिश्रा, बी के मिश्रा, मधु कुमारी, अन्नू कुमारी, देवराज कुमार, अनिता सिंह, रतन कुमार, नौशाद हसन, मुन्ना सिंह, विक्रम कुमार साव आदि ने खुशी जाहिर की एवं बधाई दी।

## डीएवी मॉडल में संवर्द्धन पर कार्यशाला शुरू



**जोड़ापोखर (ससे) :** सोमवार को डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक हिंदी, संस्कृत एवं बीएसटी संबंधित तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला सोमवार से शुरू हुआ। इस कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या महुआ सिंह डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, प्राचार्या चंद्रानी बनर्जी डीएवी पब्लिक स्कूल सिजुआ, प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल जामाडोबा, प्राचार्य राकेश शर्मा, डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा, प्रायार्य आशीष मंडल डीएवी महुदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात डीएवी में गान हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन डीएवी जमशेदपुर, मुख्यालय जोन-ई द्वारा डीएवी सीएमसी,दिल्ली के तहत आयोजित की गई है, जिसका नेतृत्व हमारे एआरओ, प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख श्रीमती प्रज्ञा सिंह, प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर, जमशेदपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक

**जोड़ापोखर (ससे) :** अमलाबाद कोलियारी के यूनियन कार्यालय में बिहार कोलियारी कामगार यूनियन की बैठक सुदामय शेखर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से ईजे एरिया अध्यक्ष सह प्रभारी रंजीत यादव सह प्रभारी मोती लाल मुर्मू उपस्थित थे। बैठक में अमलाबाद कोलियारी कमेटी गठन पर चर्चा की गई, जिसमें एक तदर्थ कमेटी गठन किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष संजीत राजवार सचिव बसंत शेखर सह सचिव रामेश राजवार को सर्व सहमति नियुक्त किया गया। पुर्नकमेटी मार्च महीने के शुरुआती में सम्मेलन कर गठन किया जाएगा बैठक में दिलीप ओझा, मागा राम राजवार, काशी राजवार , दीनबंधु शेखर, बिनोद राजवार, कृष्ण मरांडी, मुंसी राम राजवार, हरि राजवार, रंजीत राजवार ,शिसु बाउरी, घुया राजवार, भ्रगु राम शेखर, मोती लाल राजवार आदि उपस्थित थे।

## पाइप लीकेज के कारण झरिया में जलापूर्ति ठप

**जोरापोखर (ससे) :** झमाडा जल संयंत्र केंद्र से झरिया जलमीनार को जाने वाली ३० इंची पाइप लाइन में हुई लीकेज के कारण सोमवार को झरिया क्षेत्र में जलापूर्ति ठप रही।

एक लाख की आबादी को पीने का पानी नहीं मिल सका। हलांकि संध्या तक लीकेज मरम्मती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। केंद्र परिसर में रविवार की रात ज्वाइंट का शीशा पानी के प्रेशर के कारण निकल गया था।

## मनोज इलेवन ने एफजीसी क्लब को हराया

**सिंदरी (ससे) :** सोमवार को मलिक समाज उत्थान समिति द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सिंदरी बस्ती फुटबॉल मैदान में खेला गया ।इस फाइनल मुकाबला में मनोज ११ कुशबड़िया एवं एफजीसी क्लब मुनीडीह के बीच खेला गया, जिसमें मनोज ११ विजेता एवं उप विजेता मुनीडीह हुए इस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि दोलाबड पंचायत के मुखिया सुनिता मल्लिक के कुछ कारण से नहीं आने से उनके पति राकेश मल्लिक जिला संगठन महामंत्री रामु मल्लिक एवं विशिष्ट अतिथि में छोटन, बैजनाथ, मिहिलाल मल्लिक द्वारा विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी वितरण किया।

## अखिल भारतीय जनवादी महिला की बैठक

**सिंदरी (ससे) :** सोमवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की बैठक रांगामाटी बस्ती में हुई।

मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रस्तावित महाधारणा का समर्थन किया गया तथा महाधारणा में महिला समिति द्वारा भी संयुक्त रूप से महाधरना में शामिल होने का निर्णय लिया गया। एडवा नेत्री रानी मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एफसीआई का आवास संबंधित सर्कुलर के अनुसार सिंदरी वासी आवास का लीज कराने में असमर्थ हैं। इसलिए लचीला सर्कुलर को लाया जाए, जिससे सिंदरी में रहने वाले तमाम लोग लीज करा सके। केंद्रीय रसायन मंत्रालय इसमें अविलंब हस्तक्षेप करे वरना सिंदरी की आम जनता और महिलाओं का चरणबद्ध तरीके से लगातार आंदोलन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत एफसीआईएल मुख्य द्वार पर मंगलवार से महाधरना के रूप में शुरू हो रहा है।बैठक की अध्यक्षता रानी मिश्रा ने की और संचालन बबली पिंटू ने किया। इस अवसर पर सविता देवी, रंजू प्रसाद, रीमा देवी, कमला देवी, रजनी देवी, सबरातन बीबी, सरिता देवी, रीता देवी, सरस्वती देवी, मारिशयम शेख, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, सीमा देवी आदि मौजूद थीं।

## डीएवी में इंटर क्लास डिबेट प्रतियोगिता

**केन्दुआ (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, में सोमवार को विद्यालय प्राचार्या झूमा महता के कुशल निर्देशन में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के बीच इंटर क्लास डिबेट कंपिटीशन आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने दिए गए विषय 'ई-बुक:बून ऑर बेन' पर अपना-अपना जोरदार पक्ष रखते हुए श्रोताओं को सोंचने पर मजबूर कर दिया।

प्राचार्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वास्तव में आज के डिबेट का विषय प्रासंगिक है।

## धनबाद जंक्शन पर बढ़ी प्रशासन की चौकसी



**धनबाद (कासं) :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद धनबाद जंक्शन पर प्रशासन अलर्ट मोड में है। स्टेशन पर भीड़ के कारण कोई हादसा न हो, इसके लिए रेलवे की ओर से आरपीएफ ने सभी प्लेटफॉर्म पर चौकसी बढ़ा दी है। कुंभ में जाने वाली मेल या एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा कुंभ स्पेशल ट्रेनों की भी आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से निगरानी कर रही है।

दरअसल, धनबाद जंक्शन से प्रयागराज जाने वाली महाकुंभ स्पेशल समेत अन्य सभी ट्रेनें खचाखच भरी हुई जा रही हैं. ऐसे में पहले से आरक्षित टिकट वाले लोग स्टेशन पर ही छूट जा रहे हैं. इसे देखते हुए कुंभ स्पेशल ट्रेन के सभी एसी और स्लीपर कोच को जनरल कोच में तब्दील कर दिया गया है. इसके जरिए कोशिश की गई है कि धनबाद स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ होने के बावजूद यात्रियों में अफरा-तफरी ना मचे।

रेलवे की इस कोशिश का फायदा यह हुआ कि कुंभ जाने वाली सभी बोगियां जनरल होने के कारण लोग जहां थे, वहीं से ट्रेन में चढ़ गए. रेलवे की इस व्यवस्था से यात्री भी खुश दिखे.

धनबाद जंक्शन के सभी प्लेटफॉर्म पर हर शिफ्ट में रेलवे पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है. दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद अफसरों की निगरानी बढ़ गई है. आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट एसके मिश्रा ने बताया कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए हर बोगी के आगे आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है. ताकि भगदड़ की स्थिति पैदा न हो.

रविवार को प्रयागराज कुंभ में जाने के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे. भीड़ को देखते हुए कुंभ स्पेशल ट्रेन चलानी पड़ी. बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्टेशन के गंगा सतलज के खाली ट्रैक पर भी कुंभ स्पेशल ट्रेन भी चलाई गई।

# संपादकीय

# राजौरी में कहीं 'इताई-इताई' तो नहीं है ?


पनीर की तरह दुग्ध उत्पाद 'कलाड़ी' के लिए मशहूर राजौरी जिले का एक छोटा सा गांव बड्डाल बीते दो महीने में 17 संदिग्ध मौतों के कारण कोविड के दिनों की तरह आइसोलेट कर दिया गया था. हालांकि इस गांव के जिन 16 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था, वे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं.

यह अकेले चिंता ही नहीं बल्कि भविष्य के लिए सतर्कता का विषय है कि आखिर एक गुमनाम गांव के गरीब से मजदूर किस्म के लोगों तक यह जहर या भारी धातु किस तरह उनके भोजन तंत्र में शामिल हो गई. यह बात तो तय हो गई है कि मरने वालों और मरीजों के शरीर में किसी किस्म का जहर नहीं पाया गया है.

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा लखनऊ की सरकारी प्रयोगशाला के अध्ययन के मुताबिक ही कैडमियम की बात कही गई है और यह गहन अन्वेषण का विषय है कि इस गांव में कैडमियम की मात्रा खाद्य श्रृंखला में कैसे पहुंच गया. यह बैटरी या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जला कर नष्ट करने, एनेमल पेंट जैसी वस्तुओं के प्रकृति में खपाए जाने से ही संभव है.

बड्डाल गांव हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला की गोद में है और यहां से बहुत सी जल धराएं बहती हैं. चिनाब की सहायक नदी आन्सी, बड्डाल से हो कर गुजरती है. बड़ी संभावना है कि पानी के माध्यम से भारी धातु इंसान के शरीर में पहुंची.

विदित हो बड्डाल और उसके आसपास बहुत सी नदियां और छोटी सरिताएं हैं. इसके अलावा चंदन, सुख, नील, हानडु सहित कई 'सर' अर्थात तालाब हैं. यहां की बड़ी आबादी



पानी के लिए झरने या इन्हीं नैसर्गिक सरिताओं पर निर्भर है. चूंकि इस इलाके में कोयला, चूना , बॉक्साइट, लौह अयस्क और बेन्टोनाइट जैसे अयस्क मिलते हैं और अवैध खनन यहां की बड़ी समस्या रहा है. ऐसे में खनन अवशेषों के जल धाराओं में मिलने से उसमें भारी धातु की मात्रा बढ़ने की संभावना है. ऐसे मामले पहले मेघालय में देखे गए हैं जब अवैध कोयला खनन के अवशेषों के चलते नदी का पानी नीला हुआ और उसमें मछली सहित जलचर मारे गए.

सन् 1912 के आसपास जापान में तोयामा बेसिन की जीनजू नदी के किनारे रहने वाले लोगों को जब शरीर के जोड़ों में भयानक पीड़ा और सांस की दिक्कतें शुरू हुई तो इसे 'इताई -इताई' (जापानी में जोड़ में दर्द के कारण आउच औच ) का नाम दे दिया गया. दूसरे विश्व युद्ध के बाद सन 1946 में जब इन मामलों की गंभीरता से जांच की तो पता चला कि नदी के किनारों पर भारी खनन के कारण पानी में केडमियम की मात्रा बढ़ने से यह रोग फैला. जोड़ों में दर्द, उसके बाद किडनी और फेफड़ों का काम करना बंद होने से कई मौतें हुई. 1955 तक इस रोग की सार्वजनिक चिकित्सा तंत्र में चर्चा भी नहीं हुई.

1961 के बाद नदी के पानी और उस पानी के उपयोग से पैदा हो रही धान और सब्जियों में कैडमियम की जानलेवा मात्रा का पता चला. गौर करें बड्डाल के भौगोलिक हालत और मरीजों की स्थिति जीनजू नदी के किनारे बसे लोगों से मिलती-जुलती है.

## बाल्यावस्था में कैंसर का बढ़ता ग्राफ, नन्हे मरीज, बड़ी चुनौती?

**योगेश कुमार गोयल**

कैंसर ऐसी घातक और जानलेवा बीमारी है, जो अब बच्चों में भी तेजी से फैलने लगी है. चिंता का विषय यह है कि बच्चों में दुनियाभर में सामने आने वाले कैंसर के ऐसे मामलों में से करीब 25 फीसदी मामले केवल भारत में ही होते हैं. कुछ समय पूर्व यह चौंका देने वाली जानकारी सामने आई थी कि विश्वभर में प्रतिवर्ष तीन लाख से अधिक बच्चे इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आते हैं, जिनमें से 78 हजार से भी ज्यादा बच्चे भारत में होते हैं. एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब पौने दो लाख बच्चों की मौत कैंसर के कारण हो जाती है और यह आंकड़ा साल दर साल निरंतर बढ़ रहा है. दुनियाभर में बच्चों को कैंसर का शिकार होने से बचाया जा सके और उनमें कैंसर के लक्षणों का समय पर पता चल सके, इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस' मनाया जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कैंसर बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वर्ष 2020 में 14 वर्ष आयु तक के 262281 बच्चों में कैंसर का पता चला था, जिनमें 45 फीसदी बच्चे अफ्रीका तथा दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के थे. डब्ल्यूएचओ के एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष 19 वर्ष आयु तक के करीब चार लाख बच्चों में कैंसर की पहचान की जाती है. डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर कैंसर से पीड़ित सभी बच्चों के लिए कम से कम 60 फीसदी जीवित रहने और पीड़ा को कम करने के लिए वर्ष 2018 में 'ग्लोबल चाइल्डहुड कैंसर इनिशिएटिव' की शुरुआत की गई थी. उच्च आय वाले अधिकांश देशों में 80 फीसदी उत्तरजीविता के साथ कैंसर से प्रभावित बच्चों के जीवित रहने की दर भिन्न होती है लेकिन निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह 20 फीसदी से भी कम होती है. प्रतिवर्ष विश्वभर में जितने बच्चों को कैंसर होता है, उनमें से करीब 25 फीसदी मामले भारत से होते हैं. सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जहां इलाज के बाद विकसित देशों में करीब 80 फीसदी बच्चे ठीक हो जाते हैं, वहीं भारत में यह दर केवल 30 फीसदी ही है. दरअसल भारत में विशेषकर ग्रामीण अंचलों में ऐसे बच्चों के अस्पताल तथा आधुनिक चिकित्सा सेवाओं तक पहुंचने की दर महज 15 प्रतिशत ही है. एक रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में कैंसर का इलाज करने वाले करीब दो सौ सेंटर हैं किंतु इनमें केवल 30 फीसदी कैंसर पीड़ित बच्चों का ही इलाज हो पाता है. बच्चों में भी कैंसर के मामले बढ़ने का एक बड़ा कारण प्रदूषित वातावरण के अलावा उनके रोजमर्रा के खाने-पीने की आदतों में बड़े स्तर पर जंक फूड का शामिल होना भी माना गया है, जिससे उनके शरीर की पोषण स्थिति कमजोर होने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और वे आसानी से गंभीर बीमारियों की चपेट में आने लगते हैं.

## आज का कार्टून




# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे।

**ललित गर्ग**



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

# बिहार पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही कांग्रेस

कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल की शुरूआत हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को हर्षवर्धन सपकाल को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। सपकाल ने नाना पटोले की जगह ली है, जिन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था। खरगे ने महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल के नए नेता के रूप में विजय नामदेवराव वडेट्टीवार की नियुक्ति को भी मंजूरी दी जो राज्य में पार्टी के नेतृत्व ढांचे में स्पष्ट बदलाव का संकेत है। वहीं ओडिशा को नया अध्यक्ष भक्त चरण दास मिला है।

**राहिल नोरा चोपड़ा**



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस नेतृत्व अपनी राज्य इकाई को मजबूत करने के लिए अपना ध्यान बिहार पर केन्द्रित कर रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने दिसम्बर 2022 में अखिलेश सिंह को बी.पी.सी.सी. अध्यक्ष नियुक्त किया और वह लालू प्रसाद के करीबी हैं। कई राज्य कांग्रेस नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नेतृत्व पर राज्यसभा सांसद और राज्य प्रमुख अखिलेश सिंह की जगह दलितों या अल्पसंख्यकों से किसी चेहरे को लाने का दबाव बनाया। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि राहुल गांधी का संविधान और समावेशिता पर जोर मुस्लिम और दलित मतदाताओं के भीतर गहराई से समा गया है जो उन्हें अपने मुद्दों को उठाने वाले सबसे मुखर व्यक्ति के रूप में देखते हैं। जबकि राज्य कांग्रेस नेताओं का एक वर्ग राज्य में मुसलमानों को लुभाने के लिए मुस्लिम अध्यक्ष की मांग कर रहा है। हाल ही में कांग्रेस नेता और पार्टी के बिहार सह-प्रभारी शाहनवाज आलम ने चिंता व्यक्त की थी कि अगर गठबंधन राज्य में अगली सरकार बनाता है तो पार्टी 2 उपमुख्यमंत्री चाहेगी जिसमें एक मुस्लिम भी शामिल हो। 2023 में बिहार जाति सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की आबादी में मुसलमानों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी 17.7 प्रतिशत है। 28 जनवरी को कांग्रेस ने जनता दल (यू)के पूर्व राज्यसभा सांसद और ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रमुख अली अनवर अंसारी का अपने पाले में स्वागत किया।

दिल्ली तो ट्रेलर है और बिहार अभी आना बाकी – दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही पटना में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बिहार और राष्ट्रीय स्तर के कई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) नेताओं ने पूरी तरह से आश्वस्त होकर कहा है कि बिहार में भगवा पार्टी की सरकार बनेगी। केन्द्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सैक्युलर)के संस्थापक जीतन मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि दिल्ली तो ट्रेलर है और बिहार अभी आना बाकी है। वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की बदौलत एन.डी.ए. को बिहार में 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने बिहार में भाजपा के सरकार बनाने के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। लालू ने कहा था,''बिहार में कोई असर नहीं होगा,उन्हें बाहर निकाल दिया जाएगा।''

महाराष्ट्र में राजनीतिक गतिविधि तेज हो गई है क्योंकि एन.सी.पी.(एस.) प्रमुख शरद पवार ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया। इस कदम से शिवसेना (यू.बी.टी.)नाराज है और पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए पवार की कड़ी आलोचना की, जिससे महाराष्ट्र के विपक्षी महा विकास अघाड़ी में दरार और बढ़ गई। हालांकि, शिंदे जिन्होंने पूर्ववर्ती शिवसेना को विभाजित किया और 2022 में उद्धव सरकार को गिराने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया, उन्हें मंगलवार को दिल्ली में महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पवार ने न केवल पुरस्कार प्रदान किया बल्कि कार्यक्रम में शिंदे की प्रशंसा भी की। उन्होंने सांझा किया कि उन्होंने ठाणे, नवी मुम्बई और मुम्बई के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पवार और शिंदे के बीच दिखावे की दोस्ती ने उद्धव ठाकरे को नाराज कर दिया और राउत ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। राउत ने कहा,''उन्होंने (शिंदे और शाह) बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी को बर्बाद करने के लिए हाथ मिलाया था और ऐसे व्यक्ति को सम्मानित किया जा रहा है। मुझे लगता है कि महाराष्ट्र और मराठी मानुष का घोर अपमान किया गया है।'' इस आक्रोश ने संकेत दिया कि एमवीए गठबंधन भी मुश्किल में है। कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार है टी.एम.सी. – पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना को सामने लाने के बाद, टी.एम.सी. के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वे अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करने के विचार के लिए तैयार हैं। अभिषेक ने कहा,''हमने पहले भी स्पष्ट रूप से कहा है कि हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे। लेकिन अगर कांग्रेस बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था पर विचार करने के लिए तैयार नहीं है तो हम आगे बढ़ेंगे और अपनी शर्तों पर चुनाव लड़ेंगे। हमने अकेले चुनाव लड़ा और हम यहां हारे नहीं।''

**कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल की शुरूआत:** कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल की शुरूआत हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को हर्षवर्धन सपकाल को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। सपकाल ने नाना पटोले की जगह ली है, जिन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था। खरगे ने महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल के नए नेता के रूप में विजय नामदेवराव वडेट्टीवार की नियुक्ति को भी मंजूरी दी जो राज्य में पार्टी के नेतृत्व ढांचे में स्पष्ट बदलाव का संकेत है। वहीं ओडिशा को नया अध्यक्ष भक्त चरण दास मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्यार अंधा है! 65 साल का बुजुर्ग 25 साल की लड़की पर हुआ फिदा, पहली को देने जा रहा तलाक

**लंदन एजेंसी।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक 65 साल के बुजुर्ग के तलाक का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, बुजुर्ग अपनी सालों पुरानी शादी को छोड़कर एक 25 साल की टिकटॉकर से शादी करना चाहते हैं। बुजुर्ग की इस हरकत से उनका परिवार काफी परेशान है। परिवार का कहना है कि बुजुर्ग नाइजीरिया के लागोस जाकर उससे शादी करना चाहते हैं। दोनों एक साल से ज्यादा समय से एक-दूसरे से संपर्क में हैं और इस दौरान बुजुर्ग ने कई बार लड़की को पैसे भी भेजे हैं। उन्होंने वीजा के लिए भी आवेदन किया है। रेडिट पर एक यूजर ने खुद को बुजुर्ग का भतीजा बताते हुए इस मामले का पूरा विवरण शेयर किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से उनके अंकल का अफेयर नाइजीरिया की एक लड़की से चल रहा है। परिवार ने बहुत कोशिश की, लेकिन बुजुर्ग किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। परिवार को डर है कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। पोस्ट के बाद कई यूजर्स ने टिप्पणी की। एक यूजर ने लिखा, आपके अंकल शायद ऑनलाइन स्कैम में फंस गए हैं। दूसरे ने कहा, उन्हें प्यार से समझाइए, वरना साइबर सेल से मदद लें। एक अन्य ने हैरानी जताते हुए कहा, किसी गैर के लिए कोई अपनी सालों पुरानी शादी कैसे छोड़ सकता है?

### पश्चिमी एशियाई देशों से निकाले गए 170 पाकिस्तानी, कहा-दोबारा आए तो...




**दुबई एजेंसी।** पश्चिमी एशियाई देशों से सैकड़ों पाकिस्तानी निकाल दिए गए हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य देशों से पिछले दो दिनों में लगभग 170 पाकिस्तानियों को निर्वासित किया गया है। रविवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी सामने आई है। जियो न्यूज ने आव्रजन सूत्रों के हवाले से बताया कि सऊदी अधिकारियों ने भीख मांगने, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध रूप से रहने, नौकरी से भागने और अनुबंध संबंधी समझौतों का उल्लंघन करने में शामिल 94 पाकिस्तानियों को निर्वासित किया और कहा कि दौबार आए तो खैर नहीं होगी। खबर के मुताबिक, उनमें से कुछ को काली सूची में भी डाला गया है। पिछले दो दिनों में अवैध गतिविधियों और अन्य उल्लंघनों के लिए सजा काटने के बाद यूएई से 39 अन्य पाकिस्तानियों को निर्वासित किया गया। अन्य को ओमान, थाईलैंड, इराक, यूके, साइप्रस, इंडोनेशिया, मॉरिटानिया, कतर और तंजानिया से निर्वासित किया गया। पिछले दो दिनों में यूएई से 39 अन्य पाकिस्तानियों को अवैध गतिविधियों और अन्य नियनों के उल्लंघनों के लिए सजा काटने के बाद निर्वासित किया गया। अन्य लोगों को ओमान, थाईलैंड, इराक, यूके, साइप्रस, इंडोनेशिया, मॉरिटानिया, कतर और तंजानिया से निर्वासित किया गया।

### हांगकांग में पांडा के जुड़वां शावकों के लिए नामकरण प्रतियोगिता शुरू

**बीजिंग, एजेंसी।** हांगकांग में पहले पांडा जुड़वां शावकों का जन्म 18 अगस्त 2024 को हुआ। छह महीने बाद 16 फरवरी को पांडा जुड़वां बच्चे हांगकांग के ओशन पार्क में सामने आए। छह महीने के पांडा जुड़वां शावक पेड़ की शाखाओं और घास पर चढ़ते और खेलते हुए बहुत प्यारे और मनमोहक लगते हैं। बताया जाता है कि जन्म के समय मादा पांडा शिशु का वजन लगभग 122 ग्राम है और नर पांडा शिशु का वजन लगभग 112 ग्राम है। ओशन पार्क की नर्सिंग टीम की देखभाल में अब दोनों का वजन 10 किलोग्राम से अधिक हो गया है। उनकी मां का नाम यिंगयिंग है, जो हांगकांग की चीन में वापसी की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर केंद्र सरकार ने हांगकांग को दान किया है।

# मौसम का बिगड़ा मिजाज: यूएस में ठंड से 9 लोगों की मौत, ब्रिटेन में बर्फीले तूफान का अलर्ट!



**न्यूयार्क/लंदन, एजेंसी।**
सर्दी का मौसम जाते-जाते दुनिया भर में मौसम का मिजाज बिगाड़ रहा है। ब्रिटेन में मौसम विभाग ने भारी बर्फबारी और बारिश की चेतावनी जारी की है, जबकि अमेरिका में भीषण ठंड की वजह से अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। स्कॉटलैंड समेत ब्रिटेन के कई इलाकों में तापमान माइनस 6.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है, और आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं। अमेरिका में भी सर्दी का कहर जारी है। देश के कई हिस्सों में जबरदस्त हिमपात और शीतलहर की वजह से अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है।

मिनेसोटा, विस्कॉन्सिन और मिशिगन राज्यों में तापमान माइनस 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूयॉर्क और पेंसिल्वेनिया में भारी बर्फबारी से कई सड़कें बंद हो गई हैं। टेक्सास और ओकलाहोमा में भीषण ठंड के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। अमेरिकी नेशनल वेदर सर्विस ने अगले कुछ दिनों तक उत्तर-पूर्वी और मध्य-पश्चिमी अमेरिका में ठंड और बर्फीले तूफानों की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने बताया कि कुछ इलाकों में 30 से 50 सेंटीमीटर तक बर्फ गिर सकती है जिससे यातायात बाधित हो सकता है। ठंड के कारण शीतदंश और दिल के दौरे जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है। सड़क दुर्घटनाओं में भी मौतें हो रही हैं, क्योंकि "बर्फबारी के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं।

ब्रिटिश मौसम विभाग ने शनिवार को देशभर में ठंड बढ़ने और बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की। मौसम विभाग के अनुसार, इस वीकेंड तक बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा, खासकर पूर्वी एंग्लिया और लिंकनशायर में। पिछले सप्ताह ब्रिटेन के ज्यादातर हिस्सों में एंटीसाइक्लोनिक ग्लूम यानी उच्च दबाव की वजह से बादल छाए रहे और कई क्षेत्रों में एक हफ्ते से अधिक समय से धूप नहीं निकली। ठंड के कारण कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। उत्तरी स्कॉटलैंड के हाइलैंड क्षेत्र के अल्टनाहारा में शुक्रवार रात तापमान माइनस 6.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ब्रिटिश स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने इंग्लैंड के उत्तर-पूर्वी हिस्सों, यॉर्कशायर और हंबर के लिए ठंड की चेतावनी जारी की है। हालांकि, सप्ताह के मध्य में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है और तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। ब्रिटिश मौसम विभाग ने नागरिकों को यात्रा के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। पूर्वी एंग्लिया और स्कॉटलैंड के कई हिस्सों में बर्फीली बारिश की संभावना है, जिससे सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं।

## पाकिस्तान में भारत का एक और दुश्मन आतंकी ढेर! मोटरसाइकिल सवार ने लश्कर चीफ काशिफ को गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में भारत के दुश्मन आतंकवादियों के सफाए का सिलसिला जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर मौलाना काशिफ अली अज्ञात हमलावरों का शिकार बन गया । बाइक सवार बंदूकधारियों ने काशिफ अली पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उसकी हत्या कर दी ।

काशिफ अली मदरसों और मस्जिदों का इंचार्ज था और पाकिस्तानी युवाओं को जिहाद के नाम पर आतंकवाद की राह पर धकेलता था। लश्कर के राजनीतिक संगठन पीएमएमएल से भी उसका गहरा संबंध था । वह आतंकवादियों को ट्रेनिंग कैंपों में जिहादी लेक्चर देता और नए रंगरूट तैयार करता था। काशिफ अली की हत्या के बाद लश्कर से जुड़े संगठनों में जबरदस्त खलबली मच गई । कई संगठनों ने पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की आलोचना करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की । सोशल मीडिया पर भी पाकिस्तान सरकार को घेरा जा रहा है, जहां आतंक समर्थक गुटों ने आरोप लगाया कि काशिफ अली को



इसलिए मारा गया क्योंकि वह पाकिस्तान से प्यार करता था । बीते एक महीने में लश्कर-ए-तैयबा के चार आतंकवादी रहस्यमयी परिस्थितियों में मारे गए हैं । इनमें से दो की संदिग्ध सड़क हादसों में मौत हुई थी जबकि अब काशिफ अली को भी मार गिराया गया। इन घटनाओं के बाद आतंकी संगठनों के बड़े सरगनाओं में डर और गुस्से का माहौल है । वे पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसियों को शक की नजर से देख रहे हैं और लगातार सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

## युद्धविराम डील पर संकट के बादल ! यूएस विदेश मंत्री ने कहा- हमास का खात्मा जरूरी

### ट्रंप प्लान के लिए गाजा खाली करें फिलीस्तीनी

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को गाजा पट्टी में इजराइल के युद्ध उद्देश्यों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि हमास को 'खत्म किया जाना चाहिए क्योंकि इसने अस्थिर युद्धविराम के भविष्य पर संदेह खड़ा कर दिया है। रुबियो ने क्षेत्रीय दौरे की शुरुआत में यरूशलम में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की, जहां उन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी से फिलीस्तीनी आबादी को हटाने और अमेरिकी स्वामित्व के तहत इसे पुनर्विकसित करने के प्रस्ताव को दोहराया और कहा कि इसके लिए उन्हें अरब नेताओं से प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है। नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि गाजा के भविष्य के लिए उनके व ट्रंप के पास एक 'साझा रणनीति है। नेतन्याहू ने ट्रंप की बात दोहराते हुए कहा कि अगर हमास सात अक्टूबर 2023 को किये हमले में अपहृत दर्जनों बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो 'नरक के द्वार खुल जाएंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री की



यह टिप्पणी युद्धविराम के पहले चरण के समाप्त होने से ठीक दो सप्ताह पहले आई है। दूसरे चरण पर हालांकि अब तक बातचीत नहीं हुई है, जिसमें हमास को अधिक फिलीस्तीनी कैदियों के बदले में दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करना है। रुबियो ने कहा कि हमास 'सैन्य या सरकारी बल के रूप में मौजूद नहीं रह सकता। रुबियो ने कहा, जब तक यह (हमास) शासन-प्रशासन के रूप में एक ताकत बनकर खड़ा है तब तक शांति असंभव है। इसे मिटा दिया जाना चाहिए। इस तरह की भाषा हमास के साथ बातचीत जारी रखने के प्रयासों को जटिल बना सकती है, जो युद्ध में भारी नुकसान उठाने के बावजूद कायम है और गाजा पर इसका नियंत्रण बरकरार है। इस बीच इजराइली सेना ने बताया कि उसने रविवार तड़के दक्षिणी गाजा में उसकी सेना के पास आने वाले लोगों पर हवाई हमला किया। हमास द्वारा संचालित आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि हमला उस समय हुआ जब पुलिसकर्मी मिस्र की सीमा पर राफा के पास सहायता ट्रकों के प्रवेश को सुरक्षित कर रहे थे।

## यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर होने वाला कुछ बड़ा! यूएई पहुंचे जेलेंस्की का शानदार स्वागत, रूसी उपप्रधानमंत्री भी आए



**अबुधावी एजेंसी।**
यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता की लगातार उठ रही मांग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रविवार देर रात को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के बाद जेलेंस्की अबू धाबी पहुंचे। उनके कार्यालय द्वारा जारी फुटेज में रविवार देर रात को हवाई अड्डे पर उन्हें और उनकी पत्नी ओलेना का अमीरात के अधिकारी शानदार स्वागत करते दिख रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद जेलेंस्की की यह यूएई की पहली यात्रा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह सऊदी अरब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात को लंबे समय से शांति वार्ता के लिए संभावित स्थल के रूप में देखा जाता रहा है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से ही यहां बड़ी संख्या में रूस और यूक्रेन के प्रवासी आ पहुंचे हैं और अमीरात को पूर्व में मध्यस्थता का अनुभव भी है।

यूएई में यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को लेकर कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। इसी के चलते रूस की ओर से डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव भी यूएई दौरे पर पहुंचे हैं। मंटुरोव ने श्व के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात की और रूस-यूएई के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। हालांकि, यूक्रेन युद्ध को लेकर किसी वार्ता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है । जेलेंस्की के कार्यालय ने ऑनलाइन संदेश में कहा, ''हमारी शीर्ष प्राथमिकता हमारे अधिक से अधिक लोगों को कैद से मुक्त कराकर स्वदेश वापस लाना है। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, ''हम निवेश और आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मानवीय कार्यक्रम पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। हालांकि, संयुक्त अरब अमीरात की सरकारी समाचार एजेंसी 'डब्ल्यूएएम ने जेलेंस्की के आगमन की तत्काल खबर नहीं दी।

**पुतिन से जल्द मिलेंगे ट्रंप, युद्ध खत्म करने का दावा:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बयान में कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन युद्ध को खत्म करना चाहते हैं । उन्होंने बताया कि वह जल्द ही पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं, हालांकि मुलाकात की तारीख अभी तय नहीं हुई है । इससे पहले ट्रंप और पुतिन के बीच फोन पर डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई थी । इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के मुद्दे पर चर्चा की थी। ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वह सऊदी अरब में पुतिन से मिल सकते हैं । पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का भी न्योता दिया ।

## हिंदू राष्ट्र खत्म करने में अमेरिकी फंडिंग नेपाल के सांसद का दावा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद धवल शमशेर राणा ने नेपाल को संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा समाप्त कर धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने और धर्मांतरण के लिए अमेरिकी फंडिंग की जांच की मांग की। सांसद राणा ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के लिए अब तक 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए हैं और इस फंडिंग को लेकर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जाए। सांसद राणा ने कहा कि नेपाल के संवैधानिक हिंदू राष्ट्र को खत्म करने और धर्मांतरण के लिए अमेरिकी सरकार की



ओर से फंडिंग दी गई है, और यह फंडिंग नेपाल के कुछ नेताओं को मिली। उनका आरोप था कि इस फंडिंग का उपयोग नेपाल में धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने और हिंदू राष्ट्र की पहचान को कमजोर करने के लिए किया गया। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इस मामले की गहन जांच की जाए और इस फंडिंग से जुड़े नेताओं की सच्चाई सामने लाई जाए। सांसद राणा ने कहा कि नेपाल में हुए जनांदोलन के दौरान कभी भी हिंदू राष्ट्र को खत्म करके धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने की मांग नहीं उठाई गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि जब नेपाल में राजतंत्र की समाप्ति हुई, तो कुछ प्रमुख दलों और नेताओं ने मिलकर अंतरिम संविधान की घोषणा की, जिसमें नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया। राणा का कहना था कि नेपाल की पहचान अब तक दुनिया के एकमात्र हिंदू राष्ट्र के रूप में रही है और इस बदलाव ने देश की पहचान को प्रभावित किया है। उन्होंने संसद से यह मांग की कि धर्मनिरपेक्षता को खारिज करके नेपाल को फिर से एक हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल का संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा 2008 तक कायम रहा, जब तक कि 2008 में नेपाल ने राजतंत्र को समाप्त कर लोकतांत्रिक गणराज्य की घोषणा नहीं की थी। इसके बाद 2015 में नेपाल के संविधान में संशोधन करते हुए देश को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया।

## पूर्वी चीन में सछ्वान प्रांत से प्राकृतिक गैस की सप्लाई की परियोजना का निर्माण तेज

**बीजिंग, एजेंसी।** पूर्वी चीन में सछ्वान प्रांत से प्राकृतिक गैस की सप्लाई की दूसरी लाइन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की पूर्व खंड परियोजना का निर्माण तेजी से हो रहा है। यह चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में प्रमुख ऊर्जा बुनियादी संस्थापन परियोजना है। बताया जाता है कि दूसरी लाइन की कुल लंबाई 4,269 कि.मी. है, जो सछ्वान, छोंगछिंग, हूपेई, आनह्वेई और चच्यांग प्रांत से गुजरती है। पूर्व खंड की लंबाई 2,698 कि.मी. है, जिसमें एक मुख्य लाइन, दो टाई लाइनें और तीन शाखा लाइनें शामिल हैं। पाइपलाइन का डिजाइन दबाव 10 एमपीए है और वार्षिक परिवहन 14 अरब घन मीटर है। अनुमान है कि दूसरी लाइन का निर्माण वर्ष 2027 में पूरा होगा। हाल के वर्षों में चीन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क और गैस भंडारण तथा पीक-शेविंग सुविधा के निर्माण को तेज कर रहा है। अंतःसंबधन परियोजनाओं में सुविधा आई, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की गई और उच्च गुणवत्ता वाले आर्थिक तथा सामाजिक विकास को सहायता दी गई।

## ट्रूडो की विदेश मंत्री को खौफ- कनाडा को तबाह कर रहे ट्रंप!

### यूरोप को दी चेतावनी- अगला नंबर आपका

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। इस बार मामला केवल कनाडा तक सीमित नहीं है, बल्कि ट्रंप के नीतियों से यूरोप भी प्रभावित हो सकता है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूरोपीय देशों को आगाह करते हुए कहा कि यदि अमेरिका ने कनाडा पर टैरिफ लगाया, तो अगला निशाना यूरोप होगा। ट्रंप प्रशासन को लेकर उनके चेहरे पर निराशा



साफ झलक रही थी। विदेश मंत्री मेलानी जोली ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूरोपीय देशों को ट्रंप के टैरिफ डर दिखाया और कहा कि अगर अमेरिका कनाडा पर टैरिफ लगा कर बर्बाद कर सकता है तो अगला नंबर यूरोप का होगा। मेलानी जोली ने ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, हम अमेरिका के सबसे करीबी दोस्त और सहयोगी हैं। हमारे बीच 5000 किमी लंबी, सुरक्षित और मजबूत सीमा है। दोनों देश एक-दूसरे पर आर्थिक रूप से निर्भर हैं। लेकिन जब हम 25 प्रतिशत प्रतिशत टैरिफ की बात सुनते हैं, तो यह हमारे अस्तित्व के लिए खतरा बन जाता है। इससे कनाडा में हजारों नौकरियों पर संकट आ जाएगा। यह कदम हमारे सबसे अच्छे मित्र और सहयोगी की ओर से उठाया जा रहा है। इसलिए हमें मिलकर काम करने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन ने कनाडा के खिलाफ 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिससे कनाडाई सरकार खासा परेशान है। इसके अलावा, ट्रंप ने हाल ही में जी-7 में रूस की वापसी का प्रस्ताव रखा था, जिसका कनाडा ने कड़ा विरोध किया है। कनाडा कह विदेश मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रूस को जी-7 में फिर से शामिल करना असंभव है । रूस पहले जी-8 का हिस्सा था लेकिन 2014 में क्रीमिया पर कब्जे के बाद इसे इस समूह से बाहर कर दिया गया। उस समय बराक ओबामा प्रशासन ने यह फैसला लिया था, और अब ट्रंप रूस को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। एक गलती थी, मैं उन्हें वापस लाना पसंद करूंगा। कनाडा इस साल जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है और वह इस मामले में सख्त रुख अपना रहा है। मेलानी जोली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने रूस को जी-7 में वापस शामिल करने पर कोई चर्चा नहीं की है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में भारतीय ध्वज विवाद



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान के नेशनल स्टेडियम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें भाग लेने वाले देशों के झंडों के बीच भारत का झंडा नहीं है। कराची का यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया और क्रिकेट प्रशंसकों द्वारा इसे खूब शेयर किया गया। चैंपियंस ट्रॉफी स्थल पर भारतीय ध्वज के गायब होने से कई प्रशंसक हैरान रह गए और सोशल मीडिया पर इस पर तीखी बहस छिड़ गई। प्रशंसकों ने अनुमान लगाया कि इसका कारण यह हो सकता है कि भारतीय टीम अपने सभी चैंपियंस ट्रॉफी मैच दुबई में खेल रही है। कराची स्टेडियम में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंग्लैंड की टीमों के मैच होने हैं। इवेंट शुरू होने से 2 दिन पहले स्टेडियम से एक वीडियो सामने आया जिसमें भाग लेने वाले देशों के झंडे देखे जा सकते थे जिससे भारत का झंडा ना देखकर प्रशंसक हैरान रह गए कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऐसा क्यों किया।

भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था और इसी कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को टूर्नामेंट को हाइब्रिड मोड में बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। समझौते के तहत अगर टीम क्वालीफाई करती है तो भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल है। बीसीसीआई, पीसीबी और आईसीसी के बीच हुए समझौते के तहत यहां तक कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम भी आने वाले वर्षों में भारत द्वारा आयोजित आईसीसी इवेंट में अपने मैच नहीं खेलेगी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी

# बुमराह के बिना भारत की उम्मीदें शमी के कलाई के जादू पर



बेंगलुरू, एजेंसी। मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादूगर सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं ? प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे।

बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंताएं भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। 34 वर्ष के शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ़ जाएगा।

चैम्पियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे। बालाजी ने कहा, 'उसने 2019 वनडे विश्व कप और पिछले विश्व कप (2023) में बुमराह से बेहतर गेंदबाजी की थी। बुमराह विभिन्न प्रारूपों में चैम्पियन गेंदबाज है लेकिन शमी के पास अनुभव है और बुमराह के आने से पहले भारत के आक्रमण की जिम्मेदारी उसी पर थी। उन्होंने कहा, 'अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो शमी को नई गेंद से कमाल करना होगा। पहले छह ओवर में नई गेंद से प्रदर्शन भारत के लिए काफी मायने रखेगा। अगर वह शुरूआती कामयाबी दिला सका तो भारत का मनोबल काफी बढ़ेगा। शमी की जिम्मेदारी विकेट लेना ही नहीं बल्कि अर्शदीप और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों का मागदर्शन करने की भी होगी। बालाजी ने कहा, 'शमी इस समय गेंदबाजों का अगुआ है। वह लंबे समय से रहा है और पिछले 12 साल में टेस्ट क्रिकेट में खास तौर पर उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। अब दूसरे गेंदबाजों के मार्गदर्शक के तौर पर वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है।

# साउथ अफ्रीका के 40 साल के क्रिकेटर

## ● जेपी डुमिनी ने अपनी पत्नी सू से अलग होने का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट में इन दिनों शादी नहीं बल्कि अलग होने का मौसम चल रहा है। कई खिलाड़ियों ने अपनी शादी खत्म करने का फैसला किया। जहां हार्दिक पंड्या इसका ऐलान कर चुके हैं वहीं युजवेंद्र चहल और वीरेंद्र सहवाग को लेकर भी ऐसी अफवाहें हैं। अब एक और दिग्गज क्रिकेटर ने अपनी पत्नी से अलग होने का फैसला किया है। दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी शेयर करके फैंस से खास अपील भी की।



**जेपी डुमिनी पत्नी से हुए अलग** - साउथ अफ्रीका के 40 साल के क्रिकेट जेपी डुमिनी ने अपनी पत्नी सू से अलग होने का फैसला किया है। पिछले काफी समय से दोनों साथ नजर नहीं आ रहे थे। ऐसे में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दोनों के अलग होने का दावा किया गया था लेकिन दोनों ही कुछ समय तक चुप रहे। अब उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कमेंट्स ऑफ किए हुए हैं।

**डुमिनी ने शेयर किया पोस्ट** - डुमिनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'हेलो, काफी सोचने के बाद मैंने और सू ने अलग होने का फैसला किया है। हम बहुत खुशकिस्मत थे कि हमें शादी में कई खूबसूरत मौके मिले और दो बेटियां भी मिली। इस समय हम चाहते हैं कि आप हमें प्राइवेसी दें ताकी हम इस बदलाव में काम कर सके। हम अलग होने के बावजूद दोस्त रहेंगे। इस समय में आपके समर्थन के लिए शुक्रिया।'

# जहीर खान ने वाइफ संग मुंबई में खरीदा आलीशान फ्लैट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने अपनी वाइफ के साथ मिलकर मुंबई के लोअर पारेल क्षेत्र में करोड़ों की कीमत वाला आलीशान फ्लैट खरीदा है. महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक रजिस्ट्रेशन वेबसाइट अनुसार भारतीय क्रिकेटर द्वारा खरीदी गई प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन फरवरी 2025 में हुआ है. जहीर खान ने यह फ्लैट अपनी वाइफ सगारिका घटगे और उनके भाई शिवजीत घटगे के साथ मिलकर कुल 11 करोड़ रुपये की राशि में खरीदा है. यह आईशान फ्लैट इंडियाबुल्स स्काई अपार्टमेंट में स्थित है और एक फ्लैट का खरीददार एकसाथ 3 गाडी पार्किंग में खडी कर सकता है. फ्लैट पर 66 लाख रुपये की स्टैम्प ड्यूटी लगी और 30 हजार रजिस्ट्रेशन फीस लगी. मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार लोअर पारेल क्षेत्र में अभी प्रॉपर्टी की कीमत करीब 49,096 रुपये प्रति स्क्वायर फीट है. यहां पर अभिषेक बच्चन, शाहिद कपूर और लेखक अमीष त्रिपाठी जैसे नामी और अमीर लोगों ने भी लोअर पारेल क्षेत्र में फ्लैट खरीदे हुए हैं.

# बिना नाकामी के कामयाबी नहीं, कड़ी मेहनत करते रहो

## मैरी कॉम-लेखरा-सुहास



नई दिल्ली, एजेंसी। महान मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम, पैरालम्पिक स्टार अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा पहल के तहत स्कूल के बच्चों को तनाव से निपटने के टिप्स देते हुए कहा कि नाकामी के बिना कामयाबी नहीं मिलती और कड़ी मेहनत हमेशा काम आती है। तीनों खिलाड़ियों ने बच्चों को नाकामी से उबरने, फोकस बनाये रखने और सुनौतियों का सामना करने की भी सलाह दी।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे बच्चों के लिए 2018 से आयोजित किया जा रहा है। दो बार की पैरालम्पिक चैम्पियन निशानेबाज लेखरा ने कहा, 'लोग कहते हैं कि सफलता असफलता की विलोम है। लेकिन मेरा मानना है कि नाकामी ही कामयाबी का सबसे बड़ा हिस्सा है। नाकामी के बिना कभी कामयाबी नहीं मिलती। आम तौर पर टाउन हॉल प्रारूप में होने वाला परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस बार दिल्ली में सुंदर नर्सरी में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों को स्कूली बच्चों के सवालों का जवाब देने के लिए बुलाया। उन्होंने 10 फरवरी को इसकी शुरूआत खुद की। छह बार की विश्व चैम्पियन और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम ने मुक्केबाजी कैरियर के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की।

मैरी कॉम ने कहा, 'मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है। मैने यह चुनौती स्वीकार की क्योंकि मैं खुद को साबित करना चाहती थी और देश की सभी महिलाओं को बताना चाहती थी कि हम कर सकते हैं और मैं कई बार विश्व चैम्पियन बनी। उन्होंने कहा, 'आपके जीवन में भी अगर आप चुनौती का सामना करना चाहते हैं तो भीतर से मजबूत होना होगा। शुरूआत में मैने कई चुनोतियों का सामना किया। कई बार मैं हतोत्साहित हो जाती थी क्योंकि चुनौतियां काफी थी। उन्होंने कहा, 'हर क्षेत्र कठिन है। कोई शॉर्टकट नहीं होता। आपको मेहनत करनी होती है। अगर मैं कर सकती हूं तो आप क्यो नहीं।दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार और आईएएस अधिकारी सुहास ने कहा, 'अच्छी चीजें आसानी से नहीं मिलती। सफर चलता रहना चाहिए। सूरज की तरह चमकना है तो जलने के लिए भी तैयार रहना होगा। बच्चों ने दबाव, आशंकायें, बेचैनी और भटकाव से जुड़े कई सवाल पूछे। सुहास ने बताया कि कैसे नाकामी के डर को मिटाने से उन्हें एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'आपका दिमाग ही आपका सबसे बड़ा दोस्त और दुश्मन है। मैने 2016 में एशियाई चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मैं इतना डर गया था कि पहला मैच हार गया और दूसरे में पीछे चल रहा था। फिर 30 सेकंड के ब्रेक के दौरान मैने खुद से कहा कि जब इतनी दूर आये हो तो सबसे बुरा यही हो सकता है कि आप हार जाओगे। हार के डर से उबरकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। सुहास ने कहा, 'मैने वह मैच ही नहीं बल्कि छह मैच और जीते और चीन में एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला गैर वरीय खिलाड़ी बना। सबक यह है कि हार के डर से उबर जाओ, सामने कौन है इसके बारे में सोचे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दो।

# चहल से धनश्री के 60 करोड़ रुपये गुजारा भत्ता मांगने की खबरें अफवाह निकली



मुम्बई (एजेंसी): पिछले कुछ समय से ऐसे खबरें आ रही हैं कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और ये जोड़ा तलाक की कगार पर पहुंच गया है। अब इस प्रकार की कई खबरें भी सोशल मीडिया पर आ रही हैं कि चहल से धनश्री ने एलिमनी (गुजारा भत्ता ) के तौर पर ६० करोड़ रुपये मांगे हैं पर इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एलिमनी की बात इसलिए सच नहीं है क्योंकि तलाक की खबरों लेकर दोनों की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। इसके अलाव धनश्री वर्मा ने ऐसे समय में बेबुनियाद बातें करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि इस प्रकार तथ्य जाने बिना किसी को लेकर आधारहीन बातें नहीं करनी चाहिये। अब जबकि इनका तलाक नहीं हुआ, इसलिए गुजारा भत्ता का दावा भी गलत नजर आता है। चहल ने खुद इन अफवाहों पर दुख जताया है और लोगों से इनमें ना पड़ने की अपील की है। दूसरी तरफ, धनश्री ने भी बेबुनियाद दावों को फैलाने वाले गुमनाम ट्रोल्स की आलोचना की है।

वहीं इससे पहले जनवरी में चहल ने कहा था कि उन्होंने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट पर ऐसे मामलों पर अटकलें लगाईं जो सच हो भी सकती हैं और नहीं भी। चहल ने कहा, एक बेटे, एक भाई और एक दोस्त के तौर पर, मैं सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे इन अटकलों में शामिल न हों, क्योंकि इनसे मुझे और मेरे परिवार को बहुत दुख पहुंचा है। गौरतब है कि धनश्री और चहल के तलाक की अफवाहें तब से शुरु हुईं जब इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया था। इतना ही नहीं चहल ने धनश्री के साथ अपनी सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि धनश्री ने भी इंस्टाग्राम पर युजवेंद्र को अनफॉलो कर दिया था पर उन्होंने उनके साथ कोई तस्वीर नहीं हटाई थी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी:

# 5 स्पिनर, दुबई में अब भी सर्दी..., वर्ल्ड चैम्पियन कोच ने टीम इंडिया के सेलेक्शन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है. इस टूर्नामेंट लिए रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम दुबई पहुंच चुकी है. टीम इंडिया को इस टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलने हैं. भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी (गुरुवार) को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी.



**टीम में 5 स्पिनर्स, खड़े हो रहे सवाल** - भारतीय टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में पांच स्पिनर्स को जगह दी है. इनमें रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती का नाम शामिल है. अच्छी बात ये है इनमें वरुण को छोड़कर बाकी चारों के पास बैटिंग का भी अनुभव है. हालांकि इनका मुख्य काम स्पिन गेंदबाजी ही करना होगा. हालांकि पांच स्पिनर्स को शामिल करने के फैसले पर सवाल खड़े हो रहे हैं. पहले टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इस फैसले पर हैरानी जताई थी. अब भारतीय टीम के कोच रह चुके लालचंद राजपूत ने भी इस फैसले पर सवाल उठाए हैं. राजपूत का मानना है कि दुबई में अब भी सर्दी है, ऐसे में पिच पेस बॉलर्स के भी अनुकूल हो सकती है.

यूएई में अभी भी सर्दी है. यह साल का वह समय है जब यहां के विकेट्स पर तेज गेंदबाजों के लिए कुछ मदद और अच्छी कैरी रहती है. मुझे यह थोड़ा आश्चर्यजनक लगा कि भारत ने अपनी टीम में पांच स्पिनर्स को चुना है. बता दें कि जब भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 का टी20 वर्ल्ड कप जीता था, तो लालचंद राजपूत टीम के कोच और मैनेजर थे. लालचंद फिलहाल यूएई की टीम के हेड कोच हैं. ऐसे में उन्हें दुबई की परिस्थितियों का पूरी तरह अनुभव है

# भारत में क्रिकेट की नर्सरी है मुंबई इंडियंस, नीता अंबानी ने बताया- हार्दिक, क्रुणाल, बुमराह और तिलक को खोजने के लिए MI ने क्या-क्या जतन किए

मुंबई, एजेंसी। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष नीता अंबानी ने अमेरिका के बोस्टन में बताया कि कैसे उन्होंने मुंबई इंडियंस टीम के लिए नई प्रतिभाओं की खोज की और हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा को टीम में शामिल किया। मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी ने बताया कि कैसे फ्रैंचाइज़ी पांड्या बंधुओं और जसप्रीत बुमराह को अपने साथ जोड़ने में सफल रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं। क्रुणाल पंड्या भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। जसप्रीत, हार्दिक और क्रुणाल ने मिलकर मुंबई इंडियंस के लिए कई ट्रक्कखिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने के दौरान ही तीनों ने भारतीय टीम के लिए भी डेब्यू किया। तिलक वर्मा भी भारतीय टीम के लिए डेब्यू (वनडे और टी20 इंटरनेशनल) कर चुके हैं।



के मुताबिक, अमेरिका के बोस्टन में एक कार्यक्रम में नीता अंबानी ने बताया कि कैसे वह फ्रैंचाइजी के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए हर रणजी ट्रॉफी मैच देखने जाती थीं। नीता अंबानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने बोस्टन में गवर्नर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। नीता अंबानी को एक दूरदर्शी लीडर, परोपकारी और सच्ची वैश्विक परिवर्तनकर्ता के रूप में मान्यता दी गई। यह प्रशस्ति पत्र उनके शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण में परिवर्तनकारी प्रभाव के लिए आजीवन समर्पण के प्रति सम्मान है। जारी वीडियो में नीता अंबानी कह रही हैं, 'आईपीएल में, हम सभी के पास एक निश्चित बजट होता है, इसलिए हर टीम एक निश्चित राशि ही खर्च कर सकती है, इसलिए हमें प्रतिभाओं को लाने के नए तरीकों के बारे में सोचना पड़ाज इसलिए मुझे प्रतिभाओं की खोज याद है, और मैं हर रणजी ट्रॉफी मैच में जाती थी और मेरे स्काउट्स और मैं इन सभी घरेलू क्रिकेट मैचों में जाते थे।'